आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 18 जून 2025

वर्ष 3, अंक 298, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12

सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14


## डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में एक बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्व साबित होगा। यह तकनीक भविष्य में क्वांटम इंटरनेट और क्वांटम नेटवर्क जैसी प्रणालियों के लिए रास्ता तैयार करेगी। इसे प्रो. भास्कर कंसेरी के अनुसंधान समूह ने वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया। क्वांटम संचार की यह तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, बैंकिंग और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में डेटा सुरक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है।

# भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

## स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट, सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों में भी जारी रिसर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया। वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।



### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने एक बयान में कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश – अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया) और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ–साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

## एक नजर

### भाजपा नेता हमला मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के मामले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर भारतीय न्याय संहिता, शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की हत्या की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

# ट्रंप ने जी 7 छोड़ा, बोले- तेहरान खाली करो

## इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

- तेल अवीव में मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया
- ट्रंप की चेतावनी के बीच ईरान पर इजराइल के हमले बढ़े

दुबई, एजेंसी



इजराइल के हमलों के बाद तेहरान के हाईवे पर लगा लंबा जाम।



कनाडा में जी7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप। ● एजेंसी

इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकाने पर अचानक हमला करने के पांच दिन बाद तेहरान पर अपने हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी तेहरान के निवासियों को शहर खाली करने की चेतावनी दी। इससे तेहरान छोड़कर भागने के कारण सड़कों पर लंबा जाम लग गया।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को बीच में ही छोड़कर वाशिंगटन रवाना हो गए। उन्होंने एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरानी सैन्य कमान को तबाह करने के बाद उसके एक और उच्च पदस्थ जनरल को मार गिराया। इजराइली सेना ने कहा उसने जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था। ईरान ने शादमानी की मौत की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने का आग्रह

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### तेहरान प. एशिया का सबसे बड़ा शहर

तेहरान पश्चिम एशिया के सबसे बड़े शहरों में से एक है और वहां तकरीबन एक करोड़ लोग रहते हैं, जो इजराइल की कुल आबादी के बराबर है। संघर्ष के बाद से ही तेहरान में लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं।

# कनाडा पहुंचे मोदी ग्लोबल साउथ होगी प्रमुख प्राथमिकता

कैलगरी (कनाडा), एजेंसी

- विश्व के नेताओं से ऊर्जा सुरक्षा प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित वैश्विक मुद्दों पर करेंगे चर्चा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह कनाडा के कनैनिस्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में वैश्विक नेताओं से मुलाकात के दौरान महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे तथा ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री सोमवार शाम को यहां पहुंचे और यह एक दशक में मोदी की कनाडा की पहली यात्रा है। मोदी इस दौरान विश्व के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे और ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी तथा नवाचार सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

मोदी ने एक्स पर कहा, जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंच गया हूं। शिखर सम्मेलन में विभिन्न नेताओं से मुलाकात करूंगा और महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर साइप्रस से सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) कनाडा पहुंचे। कनैनिस्किस में यह सम्मेलन 16 जून से 17 जून तक चलेगा। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी बार भागीदारी है।

### कनाडा चाहता है संबंधों में सुधार

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मोदी को कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण, नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। पिछले साल अक्टूबर में भारत ने अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस बुला लिया था।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

## कमल हासन फिल्म विवाद : सुप्रीम कोर्ट की कर्नाटक सरकार को फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- भीड़ को सड़कों पर कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती, ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित



उच्चतम न्यायालय ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने को लेकर कर्नाटक सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। न्यायमूर्ति भुइयां ने कर्नाटक सरकार के वकील से कहा, हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए और राज्य को इसकी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करनी चाहिए।

## महाराष्ट्र में आपातकाल के दौरान जेल जाने वालों की मानदेय राशि दोगुनी की गई

- फडणवीस कैबिनेट का फैसला, गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई

**मुंबई।** महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने मंगलवार को आपातकाल के दौरान राज्य की जेलों में बंद किए गए लोगों को दी जाने वाली मानदेय राशि को दोगुना करने को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने जेल में बंद रहे व्यक्ति के पति/पत्नी का नाम भी लाभार्थी के रूप में जोड़ने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में चल रही गौरव योजना में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। वर्तमान में इस योजना के तहत दिए जाने वाले लाभों के अंतर्गत, आपातकाल (1975-1977) के दौरान एक महीने के लिए जेल में बंद लोगों को 5,000 रुपये मासिक पेंशन मिलती है, जबकि इससे अधिक अवधि के लिए जेल में बंद लोगों को 10,000 रुपये प्रति माह मिलते हैं। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार यह राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

# बारिश, वज्रपात और आंधी की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगामी दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश व वज्रपात का अलर्ट
- प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच मूसलाधार बारिश की संभावना



**अमृत विचार:** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में प्री मानसून की बारिश हो रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, फिरोजाबाद, एटा, बस्ती, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, गोरखपुर, औरैया, आजमगढ़, कन्नौज, इटावा, अमेठी, बहराइच, गोंडा, मऊ, सहारनपुर जिले शामिल हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पूर्वी उप्र. के कई जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज रफ्तार से हवा चलेगी, भारी बारिश हो सकती है।

### स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा

मुख्य सचिव मनोज सिंह ने मानसून के पहले बाढ़ को लेकर संवेदनशील जिलों में तैनात एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि नदियों के जलस्तर, वर्षा की मात्रा और मौसम विभाग के पूर्वानुमानों पर निरंतर निगरानी रखी जाए। जिन जिलों में बाढ़ का खतरा अधिक है, वहां राहत शिविरों की स्थापना, नावों की व्यवस्था, पीने के पानी, चिकित्सा सुविधाओं की तैयारी पूरी कर ली जाए।

# एअर इंडिया की 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

मुंबई, एजेंसी



- सैन फ्रांसिस्को मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया। सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी। वहीं, अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है। विमान को सरदार वल्लभभाई पटेल हवाई अड्डे से अपराह्न तीन बजे उड़ान भरनी थी।

# अब प्रदेश की 57691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी




**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे। बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हांलाकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव–2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा–निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल–मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस–पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।

# नये भर्ती हुए 500 सिपाही पुलिस लाइन में लेंगे ट्रेनिंग, आमद शुरू

## पुलिस लाइन में एक माह तक मिलेगा सात जनपदों के प्रशिक्षुओं को खास प्रशिक्षण

**कवायद**

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में एक माह की ट्रेनिंग करने के लिये नव चयनित पुलिस कर्मी आने लगे हैं। पुलिस लाइन में इनको एक माह तक ट्रेनिंग दी जायेगी। सात जनपदों से 500 युवा प्रशिक्षण लेंगे। इनका पहुंचना शुरू हो गया है।

पहले दिन मंगलवार को आमद कराने के बाद सिपाहियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। पुलिस लाइन के हाल में इन पुरुष व महिला सिपाहियों की अलग लाइन लगवाई गई। पुलिस लाइन में आगरा, मथुरा, कासगंज, ऐटा, हाथरस, फिरोजाबाद व अलीगढ़ से सिपाही ट्रेनिंग के लिये बुलाये गये हैं। पहला दिन होने से अधिक तर सिपाही वर्दी पहनने के लिये कार या अन्य साधनों से परिजनों के साथ पहुंचे। इससे पुलिस लाइन में वाहनों की कतार लग गई। कुछ कारें तो परिसर के अंदर लोग लेकर पहुंच गए तो आरआई सुखपाल सिंह ने इनको बाहर निकलवाया। सुबह से शुरू हुई आमद की प्रक्रिया शाम तक चलती रही। आरआईने बताया कि पुलिस लाइन में कन्नौज के किसी सिपाही की ट्रेनिंग नहीं होगी। उनको किसी दूसरे जनपद में ट्रेनिंग दी जायेगी। पहला दिन होने से इनके कागजी कोरम को पूरा किया गया। बुधवार से इनकी ट्रेनिंग शुरू की जायेगी। इन रंगरूटों को जसोदा स्थिति राजकीय पॉलीटेक्निक में ठहरने की व्यवस्था की गई है। वहां पर चार मेस बनाई गई हैं। इसी तरह पुलिस लाइन में महिला सिपाहियों को रहने की व्यवस्था की गई है।


पुलिस लाइन में रंगरूट सिपाही रजिस्ट्रेशन कराते हुए। अमृत विचार

### पुलिस लाइन मैदान में मिट्टी का भराव कर किया बड़ा

**कन्नौज।** 500 नये सिपाहियों को भर्ती के बाद पहला प्रशिक्षण पुलिस लाइन में देने के लिये दो माह से तैयारियां चल रही थी। मैदान को बड़ा करने के लिये मिट्टी का खाली स्थान पर भराव कराया गया है। मंगलवार को सभी पुलिस जवानों को पुलिस लाइन में पहुंच कर आमद कराने के आदेश दिये गये थे। ऐसे में दो बजे तक अधिकतर सिपाही पुलिस लाइन पहुंच चुके थे। एसपी विनोद कुमार ने पुलिस लाइन दोपहर के समय पहुंच कर व्यवस्थाएं जांची।


अस्पताल में इलाज करवाता घायल कारीगर। अमृत विचार

# सोलर पैनल लगा रहे कारीगर को लगा करंट

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील रोड स्थित आटा चक्की की छत पर सोलर पैनल लग रहे कारीगर को जोरदार करंट लगने से झुलस गया। साथी कारीगरों ने उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचा। हालत गंभीर होने पर यहां से उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

तहसील रोड स्थित आटा चक्की पर सोलर बिजली कनेक्शन होना था। इसको लेकर मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे सोलर ऊर्जा लगाने के लिए सौरिख रोड स्थित सोलर प्लांट पर काम करने वाले मैनपुरी जनपद के ग्राम बहादिनपुर निवासी अमन शाक्य पुत्र ज्ञान सिंह शाक्य अपने साथी कारीगरों के साथ पहुंचा। पैनल लगाने का कार्य करने लगा। बताया जा रहा है कि वह छत पर अकेले कार्य कर रहा था, तभी किसी प्रकार उसे जोरदार करंट लगा और छत पर गिरकर बेहोश हो गया। गिरने की आवाज सुनकर नीचे से ऊपर पहुंचे साथी कर्मचारियों ने उसे उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर देख उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मकान के ऊपर से निकली हाई टेंशन लाइन की अर्थिंग लगने से यह हादसा हुआ है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

## सार-संक्षेप

### पति सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल कर तलाक व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने एसपी के आदेश से कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम इस्माईलपुर निवासी राविया बेगम पुत्री स्वर्गीय मुख्तियार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी थाना छिबरामऊ के ग्राम कपूरपुर निवासी तहसीन से तीन वर्ष पहले हुई थी। शादी के बाद पति तहसीन, जेठ तहीम, सास अनीसन, ननद फरीनव, सरीन ने दहेज में एक कार व तीन लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर 23 मई की सुबह लगभग 11.30 बजे पति सहित ससुरालियों ने गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से निकाल दिया। 02 जून की दोपहर लगभग 01 बजे सभी ने मायके आकर तलाक व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पारा फिर से चढ़ा, लोग हुए बेहाल

**कन्नौज ।** 1 दिन की राहत के बाद दूसरे दिन एक बार फिर से पारा चढ़ गया। मंगलवार को सुबह से की बादलों की आवाजाही लगी रही जिसके कारण लोगों ने राहत महसूस की। दोपहर करीब 12 :00 बजे के बाद सूरज निकलने से तपिश बढ़ गई जिससे उमस भरी गर्मी ने कहर ढाना शुरू कर दिया। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अधिकतम तापमान 38जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता का प्रतिशत 68 रहा जबकि पूर्वी हवा 14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अधिकतम तापमान भले 38 रहा लेकिन इसने 45 डिग्री वाली गर्मी महसूस करवा दी। लोग बेहाल हो गए।


रेलवे रोड हनुमान मंदिर पर शर्बत बांटते अधिवक्ता विनोद त्रिवेदी व अलकेश त्रिवेदी।

### हनुमान मंदिर पर बांटा शर्बत

**कन्नौज।** तेज धूप व गर्मी के चलते भक्तों ने रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर पर शर्बत का वितरण किया गया। मंगलवार को सरायमीरा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद त्रिवेदी ने भतीजे अलकेश त्रिवेदी व अन्य परिजनों के साथ रेलवे रोड पर स्थिति हनुमान मंदिर पर शर्बत की व्यवस्था की। राहगीरों को शर्बत वितरण किया। प्यासे लोग कतार लगा कर शर्बत पीते रहे। यही नहीं यातायात में लगे पीआरडी व होमगार्ड जवानों ने भी गला तर किया। कई लोग तो बोतल में भर कर ले गये।


शर्बत पिलाकर पुण्य कमाते समाजसेवी।

### फूलमती मंदिर के बाहर बांटा शर्बत

**कन्नौज।** फूलमती मंदिर के बाहर सड़क पर स्कूटी सवार युवतियों को शर्बत पिलाते कन्हैया दीक्षित। उधर, समाजसेवी व भाजपा नेता आलोक दीक्षित कन्हैया ने फूलमती देवी मंदिर के बाहर पुजारी शिखर मिश्रा के साथ आने जाने वाले लोगों को शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया।

# यूपीएससी की तैयारी कराने को मांगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत नीट व जेईई की भी कक्षाएं लगेंगी

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत यूपीएससी, नीट व जेईई आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण व प्रोफेशनल व्याख्याताओं को चयन में वरीयता दी जाएगी। साथ ही निर्धारित मानदेय भी मिलेगा।

नवागंतुक जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज, छिबरामऊ के प्रभात दुबे बालिका इंटर कॉलेज व तिर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कोचिंग चल रही है। छात्र-छात्राओं को पढ़ाने के लिए योग्य विषय विशेषज्ञों की तैनाती की जानी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि यूपीएससी की तैयारी कराने के लिए इतिहास, भूगोल, राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, भारतीय समाज, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, एथिक्स, सामान्य हिन्दी व अंग्रेजी के विशष विशेषज्ञ का चयन होना है।

इसी तरह नीट व जेईई से संबंधित भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान व गणित से संबंधित विशेषज्ञों की तैनाती होनी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने विकास भवन स्थित कार्यालय में चयन के लिए इच्छुक लोगों से 25 जून तक आवेदन मांगे हैं। किसी प्रतिष्ठित कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पढ़ाई करने वाले योग्य, प्रोफेशनल व्याख्याताओं को वरीयता मिलेगी।

# जिले में 18 रिक्त पदों के लिये 27 डॉक्टरों ने दिया साक्षात्कार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिये विकास भवन में संविदा पर चिकित्साधिकारियों के चयन को लेकर साक्षात्कार लिया गया। नामित कमेटी ने साक्षात्कार लिया। चयन होने के बाद इन को तैनाती दी जायेगी।

जिले में एमबीबीएस डॉक्टरों की कमी को पूरा करने के लिये शासन के निर्देश पर संविदा के आधार पर आवेदन मांगे गये थे। इसमें 34 एमबीबीएस डॉक्टरों ने आवेदन किये। मंगलवार को विकास भवन में इनका साक्षात्कार लिया गया।

मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी की अध्यक्षता में बैठी कमेटी में सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, सीएमएस डॉ. शक्ति बसु, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार, जिला प्रवोशन अधिकारी इरा आर्या, ट्रेजरी के नामित अधिकारी निखिल बघेल के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। इनके सामने 27 डाक्टर साक्षात्कार देने पहुंचे। इनमें 18 का चयन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

संस्तुति के लिये जिलाधिकारी के पास फाइल भेजी जायेगी। इस के बाद इन चिकित्साधिकारियों को अस्पतालों में तैनाती दी जायेगी।


विकास भवन में डाक्टरों का साक्षात्कार लेते अधिकारी अमृत विचार

# बाइक चालक के विरुद्ध दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज,।** ग्राम मोहनपुर रतनपुर भवानीपुर निवासी कश्मीर सिंह पुत्र केशव दयाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका भाई रामलखन 10 जून की शाम लगभग 05 बजे घर से मौरंग, सीमेंट के 15 हजार रुपये देने के लिए बाइक से जा रहा था।

मोड़ के पास वह मोबाइल से बात करने लगा। तभी सामने से आ रहे ग्राम निजामपुर निवासी सुरेश चन्द्र ने उसकी बाइक में तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी थी। इससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया कि दुर्घटना के दौरान उसकी जेब में रखे रुपये भी गिर गए। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रैली निकाल बच्चों के प्रति किया गया जागरुक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** बाल श्रम व बाल अपराध समेत कई बिंदुओं को लेकर रैली निकाली गई। लोगों को गोष्ठी में जानकारी दी गई।

हसेरन ब्लाक में खण्ड विकास अधिकारी रतिराम, थाना प्रभारी एएचटीयू प्रमोद तिवारी मय टीम व चाइल्ड हेल्प लाइन टीम कन्नौज के द्वारा खण्ड विकास कार्यालय हसेरन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पहले रैली निकाल कर लोगों को जागरुक किया गया।

बाद में विधि विरूद्ध कार्यों में लिप्त बच्चों के संरक्षण, कल्याण एवं पुर्नस्थापना को सुनिश्चित करने के लिये मिशन वात्सल्य योजना के सुचारु एवं सुगम क्रियान्वयन के लिये विकलांग बच्चों की पहचान एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिये गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें बाल श्रम अधिनियम व साइबर क्राइम के सम्बन्ध में मौजूद लोगों को जानकारी दी गई।

ए.एच.टी.यू. टीम ने शासन व प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर- 1090, 1098, 108, 112, 1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी दी।



हसेरन ब्लाक से रैली निकालती टीम व अन्य लोग अमृत विचार

# फसल पर ट्रैक्टर चलने का वीडियो वायरल

संवाददाता सौरिख,कन्नौज

**अमृत विचार।** खेत में खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सकरावा थाना क्षेत्र के किराईन निवासी ब्रंदावन पुत्र आंगनू लाल ने बताया कि उसके खेत पर गांव के ही रहने वाले हरगोविंद पाल व महादेव पाल ने 16 जून सोमवार को कब्जा करने की नीयत से खड़ी मूंग व मूंगफली की फसल पर ट्रैक्टर चला कर फसल नष्ट कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है मेरा समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक सहित ट्रैक्टर कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। क्षेत्रीय लेखपाल अशीष कठेरिया ने बताया कि दोनो लोगों का जमीनी विवाद चल रहा है।

हरगोविंद पाल ने अपर जिलाधिकारी के न्यायालय में चल रहे मुकदमा जीत जाने के बाद खेत में ट्रैक्टर चलवाकर कब्जा कर लिया था। थाना प्रभारी अजब सिंह ने बताया कि राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज न होने कारण पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चार लोगो को शांति भंग की कार्रवाई की गई।

**सख्ती** कानून व्यवस्था, अभियोजन व नारकोटिक्स संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# बच्चों व महिला उत्पीड़न के मामलों में सजा को हो प्रभावी पैरवी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने बच्चों एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में सजा दिलाये जाने को प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि जिन मामलों में समाज पर सीधा असर पड़े, ऐसे प्रकरणो को प्राथमिकता के साथ पैरवी कर निस्तारित किया जाये।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा, सरकार की प्राथमिकता में है, कि गंभीर अपराधियों को सजा दिलाने हेतु पैरवी की जाये। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने को व्यापक रणनीति बनायी जाये। जानकारी दी कि मई में गंभीर अपराधों के 25 मामलों में सजा हुई हैं। पॉक्सो एक्ट के 10 निर्णीत प्रकरणों में 6 को सजा हुई हैं। पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों में शत-प्रतिशत सजा दिलाने को पैरवी की जाये। कहा कि पांच वर्ष से अधिक पुराने मामलों की संख्या 3809 हैं, जिन्हें प्राथमिकता से पैरवी कर निस्तारित किया जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार, जिला अभियोजन अधिकारी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, आदि उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एडीएम आशीष सिंह, एसपी विनोद कुमार व अन्य।

# कार हाईवे से नीचे गिरी, दो घायल

**कन्नौज।** मैनपुरी से कानपुर जाते समय कार अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे जा गिरी। इससे कार सवार दो लोग घायल गये। इनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार को मैनपुरी से कार पर बैठ कर कानपुर की ओर जा रहे मैनपुरी जनपद निवासी भरत दुबे (42) व सौरिख जनपद कन्नौज निवासी पूनम चतुर्वेदी(46) जैसे ही हाइवे पर अर्शी पैरा नर्सिंग कालेज के निकट पहुंते उसी समय अनियंत्रित होकर कार हाइवे से नीचे जा गिरी। इसे दोनों लोग घायल हो गये और कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम ARCHANA DWIVEDI था। जिसे मैंने बदलकर ARCHANA कर लिया है भविष्य मैं मुझे इसी ARCHANA नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**
पहले मेरा नाम सईद (SAEED) था, अब मैं अपना नाम बदलकर सईद अहमद (SAEED AHMAD) रख रहा है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O SHAKIR R/O KUMASI RASHARA, POST- NANDRAI P.S.- BALDIRAI, DIST- SULTANPUR-227814

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम मोहम्मद आजाद लियाकत खान (MOHAMED AZAD LIYAKAT KHAN) था। अब मैं अपना नाम बदलकर मो0 आजाद खान (MOHD AZAD KHAN) रख रहा हूँ, मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O LIYAKAT KHAN, R/O PURE MADDE KHAN SARKAURA, P.S.- KURWAR DIST- SULTANUR-228155

**सूचना**
सूचित हो कि मै **कुसुमा चौरसिया पत्नी राम औतार निवासिनी– बरौरा हुसैनबाड़ी राजा विहार बाला गंज थाना –ठाकुरगंज जिला लखनऊ।** मैने अपने छोटे पुत्र नीरज चौरसिया को उसके व्यवहार से नाराज होकर समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। अब मेरे पुत्र नीरज के व्यवहार में बदलाव आ गया है, उसके व्यवहार से मेरी नाराजगी दूर हो गयी है इसलिए वह अपने पूर्व में लिये गये बेदखली के निर्णय को वापस लेती है। अब मेरा छोटे पुत्र नीरज चौरसिया मेरी समस्त चल–अचल सम्पत्ति के अपने हिस्से के उत्तराधिकारी रहेगें उन्हें मेरी सम्पत्ति में सभी विधिक अधिकार वैसे ही मिलेंगें जैसे एक पुत्र को मिलेंगे।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे अंश उम्र 12वर्ष का नाम आधारकार्ड में गलती से धर्मेंद्र लिख गया है जबकि स्कूल परिवार रजिस्टर व जन्मप्रमाण पत्र में अंश ही दर्ज हैं यही सही हैं। अतः बेटे का नाम आधारकार्ड में भी अंश दर्ज होना आवश्यक है व उसे इसी नाम से जाना जाय। **रामविलास निवासी ग्राम अमदही पूरे तारा तरबगंज गोण्डा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **बागीश मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी म्योढ़ा, साण्डी, हरदोई।** मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं0–B/817/HDI/05 दिनांक 11.01.2005 में मेंरा नाम बागीश मिश्रा अंकित है परन्तु रिकार्ड में योगेश मिश्रा अंकित है जो कि अशुद्ध है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा शुद्ध नाम बागीश मिश्रा अंकित कर संशोधित ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2003 अनुक्रमांक 7411398 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विश्वनाथ शुक्ला पुत्र गणेश प्रसाद शुक्ला निवासी काशीपुर थाना कोतवाली करनैलगंज जिला गोंडा, उ. प्र**

**सूचना**
मैं **अनूप कुमार पुत्र शैलेंद्र कुमार ग्राम रमुवापुर दुबई पोस्ट देवगांव थाना खीरों रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम शैलेंद्र शुक्ला अंकित है जो गलत है। मेरे डीएल में पिता का नाम शैलेंद्र कुमार होना चाहिए। शैलेंद्र कुमार ही मेरे पिताजी का सही नाम है।

**सूचना**
मेरा पुत्र जफर खान मेरे कहने सुनने में नही है। उसका चाल–चलन ठीक नहीं है । मैं उसके असमाजिक गतिविधियों से तंग आ गया हूं । आज से मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता हूँ। आज की तारीख से उसका मुझसे मेरी तमाम जायजात से कोई वास्ता सरोकार नही रहेगा। **प्रार्थी मो0 रफीक खान सुत मन्सब खान साकिन पूरे अहबल मजरा पूरब रवनिया डाकखाना अलीगंज थाना कुड़वार तहसील सदर, जनपद सुलतानपुर (ऊप्र)।**

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बुधवार को बादल छाए रहने के साथ जिले में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। गर्मी में कमी आने के आसार हैं।

| 38.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:07 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# एंटीकरप्शन टीम ने संविदा कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

## बिजली थाने के दरोगा से ले रहा था 61 जांचों के 6100 रुपये, हो रही मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● सदर कोतवाली में कर्मचारी के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** थाना एण्टी पावर थेफ्ट में एंटीकरप्शन टीम ने छापा मार कर संविदा सीसीटीएनएस कर्मचारी को दरोगा से रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सदर कोतवाली में टीम के प्रभारी ने संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। टीम आरोपी को अपने साथ ले गई।

बिजली थाने के दरोगा नरेंद्र सिंह चौहान की शिकायत पर सोमवार की देर शाम एंटीकरप्शन कानपुर की टीम ने बिजली थाने में छापा मारा। इस दौरान टीम ने संविदा सीसीटीएनएस कर्मी आकाश शुक्ला पुत्र सुरेश कुमार निवासी मोहल्ला ताजपुर नौकाश कन्नौज को घूस के तौर पर 6100 रुपये लेकर जेब में डालते गिरफ्तार किया। दरोगा ने एंटीकरप्शन टीम से शिकायत की थी कि उक्त कर्मचारी बिजली चोरी की प्रति जांच की चार्जशीट को कंप्यूटर पर फीड करने के लिए 100 रुपये की मांग करता है। न देने पर काम नहीं करता। जो दूसरा कर्मचारी है उसे कंप्यूटर पर फीड करने की जानकारी नहीं देता। यही नहीं पासवर्ड को ही बदल देता। इस तरह से 61 जांचों के 6100 रुपये हो गये।

एंटीकरप्शन टीम के बताने के अनुसार दरोगा ने कर्मी को रुपये दिये। जैसे ही उस ने रंग लगे रुपये लेकर जेब में डाले टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। टीम के प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह ने संविदा कर्मी को गिरफ्तार करने के बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बिजली थाने के दरोगा ने कई गंभीर आरोप लगाये।

### पहले कराई गोपनीय जांच, फिर मारा छापा

**कन्नौज।** बिजली थाने के दरोगा की शिकायत पर एंटीकरप्शन थाना के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्र ने पहले गोपनीय जांच कराई कि संविदा कर्मचारी काम के बदले घूस लेता है या नहीं? इसके लिये निरीक्षक सुशील पाराशर को लगाया। वह बिजली थाना पहुंचे और गोपनीय जांच की। उन्होंने पाया कि कर्मचारी सभी दरोगा से रुपये लेता है। 12 जून को उन्होंने जांच रिपोर्ट प्रभारी निरीक्षक को प्रस्तुत की। इसी के आधार पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में निरीक्षक जटा शंकर सिंह, निरीक्षक राम आसरे त्रिपाठी, दरोगा नन्देश्वर द्विवेदी, सिपाही रवि वर्मा, हेड सिपाही आशीष कुशवाहा, बृजनन्दन, सिपाही सतेंद्र, धनेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

### डीएम से संस्तुति पर दो कर्मचारी दरोगा के पास पहले पहुंचे

**कन्नौज।** एंटीकरप्शन टीम के प्रभारी के अनुसार जिले में छापेमारी करने से पहले टीम ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिलाधिकारी की संस्तुति पर कर्मचारी अखिलेंद्र सिंह व मुबारिक अली को लगाया गया। यह दोनों टीम के बताने के अनुसार बिजली थाने के दरोगा नरेंद्र सिंह के पास पहुंच गये। वहां कुर्सी पर बैठ कर बात करने लगे जबकि एंटीकरप्शन टीम थाने के बाहर खड़ी रही। जैसे ही दरोगा ने घूस के तौर पर रुपये संविदा कर्मचारी को दिये तो उसे दबोच लिया गया।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट

**तिर्वा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ मारपीट की गई। घटना में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना ठठिया के पट्टी गांव निवासी शशिना परवीन पुत्री जाकिर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह वर्तमान समय में महोबा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वार्डन पद पर कार्यरत है। उसकी शादी परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान दहेज देकर शादी 10 अप्रैल 25 को शास्त्रीनगर तिर्वा निवासी मोइन अली पुत्र शरीफ अली के साथ की थी। पति के जब गलत कामो का विरोध किया तो वह मारपीट करने लगा। साथ ही अतिरिक्त दहेज में दस लाख और लाने की कहने लगा। 15 जून को पति मोइन, ससुर शरीफ अली, मोहसीन अली, मुस्तकीम अली, लतीफ अली, और एक अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। इसके साथ ही पिता की ओर से शादी में दी कार को तोड़ दिया और धमकी देकर चले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शरीर में न होने दें पानी की कमी, धूप से बचें

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** उमस भरी भीषण गर्मी में अत्यधिक तापमान से हीट स्ट्रोक हो सकता है। इसमें शरीर का आंतरिक ताप 40 डिग्री से ऊपर चला जाता है और ताप नियमन प्रणाली फेल हो जाती है। इससे मस्तिष्क, हृदय इत्यादि अंगों को क्षति हो सकती है। गर्मी से डीहाइड्रेशन (निर्जलीकरण) भी होता है। क्योंकि शरीर से पसीना अधिक निकलता है और पानी की कमी हो जाती है। इस स्थिति में चक्कर, उल्टी, तीव्र थकावट और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखते हैं। साथ ही धूप में त्वचा गर्म-शुष्क हो जाती है।


डॉ. सचिन द्विवेदी।

यह जानकारी डा. सचिन द्विवेदी ने दी। बताया कि गर्मी से विशेषकर कमज़ोर समूह प्रभावित होते हैं। छोटे बच्चे, बुज़ुर्ग और गर्भवती महिलाओं को गर्मी का खामियाज़ा जल्दी उठाना पड़ सकता है। इनके शरीर में तापमान नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर होती है। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक गर्मी से परेशानियाँ बढ़ सकती हैं। इसलिए इनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। इन जोखिमों से बचने के लिए सावधानी और बचाव के उपाय अपनाना अनिवार्य है। सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय ने निम्न दिशा-निर्देश दिए हैं। दिनभर जितना हो सके पानी, नींबू-पानी, छाछ, देसी आम का पना, ओआरएस पीते रहें। ताकि शरीर हाइड्रेट रहे। 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर के अंदर या छाया-क्षेत्र में रहें। बाहर निकले तो हल्के-ढीले सूती कपड़े पहनें, सिर पर टोपी या छाता लगाएं। भोजन में ताज़े फल-सब्जियाँ, खीरा, तरबूज आदि लें। तीखा-भूना खाने से परहेज़ करें। यदि किसी को लू या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखें (चक्कर, उल्टी, भ्रम, कमजोरी आदि), तो तुरंत ठंडी जगह पर जाकर पानी पिएं और डॉक्टर की सलाह लें।

## एक नजर

### किसान दिवस का आयोजन आज

**कन्नौज।** किसानों की समस्याओं के निराकरण को जिला स्तर पर प्रत्येक तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाता है। इस क्रम में 18 जून को चौधरी चरण सिंह सभागार, कृषि भवन में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा। इस दौरान कृषि, उद्यान, मत्स्य पालन, सहकारिता विभाग, लघु सिंचाई, सिंचाई, जल निगम, कृषि विज्ञान केंद्र समेत अग्रणी बैंक मैनेजर आदि उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

### युवक से मारपीट

**तिर्वा।** खेत पर लकड़ी-भूसा डाल कर कब्जा को देखकर उसे हटाने की बात कहने पर चार लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। नयापुर्वा गांव निवासी गंगानरायन पुत्र लालजीत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पुश्तैनी खेत पर गांव के अवधेश पुत्र बिंदा सिंह, सोनू पुत्र अवधेश, आशीष पुत्र रमेशचंद्र, छेदीलाल पुत्र जियालाल ने लकड़ी, भूसा डाल दिया। जब उसने खेत से उठाने को कहा तो उक्त लोगो ने मारपीट कर घायल कर दिया।

### चोरी गई साइकिल मिली

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के गांव रितुकला निवासी सुशील कुमार मंगलवार को जिला अस्पताल आया था। अस्पताल परिसर में साइकिल खड़ी कर वह दवा लेने चला गया। इसी दौरान उसकी साइकिल चोरी हो गई। इधर उधर खोज की पर साइकिल का कोई पता नहीं चला। खोज करते हुए ओवरब्रिज के निकट एक कबाड़ी की दुकान पर पहुंचा तो साइकिल कई टुकड़ों में मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।


हाईटेंशन लाइन में टकराने से जलता डंपर। अमृत विचार

# एचटीलाइन की चपेट में आने से डंपर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में एक डंपर सामान उतारते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। घटना होते ही चालक व क्लीनर ने कूदकर जान बचाई जबकि आग विकराल हो गई। इस पर लोगों की मदद से सबमर्सिबल का पानी डालकर काबू पाया गया।

इंदरगढ़ के मंसुखपुरवा गांव में पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर बेरिया का इंटरलाकिंग ईंट प्लांट है। सोमवार को देर शाम चाल सतेंद्र यादव साथी क्लीनर के साथ प्लांट पर भवन निर्माण सामग्री उतारने पहुंचा था। जैसे ही उसने सामग्री उतारने के लिए हाइड्रोलिक से डाला उठाया तो वह ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इसके साथ ही डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। इस पर चालक व क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई। आसपास मौजूद लोगों ने सबमर्सिबल के पानी की मदद से आग पर काबू पाया और आग को डीजल टैंक तक पहुंचने से रोक दिया। इससे बड़ा हादसा बच गया। हालांकि डंपर का अधिकांश हिस्सा जलकर नष्ट हो गया।

# नए जिला कृषि अधिकारी ने लिया चार्ज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर तबादलों का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा इसके साथ ही नए जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता ने विकास भवन पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया।

बता दें कि एक दिन पहले ताबड़तोड़ स्थानांतरण हुए जिसमें जिला कृषि अधिकारी रहे आवेश सिंह को मथुरा भेजा गया है। उनके स्थान पर संतलाल गुप्ता को कन्नौज की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। उधर, जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक संजीव बिसारिया का कानपुर देहात तबादला हो गया। उनके स्थावन पर कानपुर देहात के वरिष्ठ सहायक राजीव त्रिपाठी कन्नौज भेजे गए हैं। सहायक अर्थ और संख्याधिकारी महेश विद्यार्थी का फर्रुखाबाद और मोहन लाल का मण्डल कार्यालय कानपुर तबादला हो गया। बदले में फ़िरोज़ाबाद से अरविंद कुमार राजपूत और कानपुर से श्रुति चतुर्वेदी कन्नौज आएंगी।


चार्ज लेने पहुंचे नए जिला कृषि अधिकारी संतलाल गुप्ता, साथ में निवर्तमान जि.कृ.अ. आवेश कुमार। अमृत विचार

# 'हिट एंड रन' के मामले में वारिसों को मिला मुआवजा

**कन्नौज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत के मामले में चार लोगों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। हिट एंड रन मुआवजा योजना-स्व.सुशील कुमार निवासी ग्राम मकदुमापुर, तहसील कन्नौज, मृतक मनोज राठौर निवासी मोहल्ला लाला मिश्रा, कन्नौज, मृतक गौरव संखवार निवासी मोहल्ला सरायबहादुर, कन्नौज व मृतक गुलाब सिंह निवासी नवादा तेराजकेट, छिबरामऊ के आश्रितों को 02-02 लाख रुपये का भुगतान किया।

## किशोरी को बहला कर ले गया युवक

**सौरिख।** खड़िनी चौकी के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी 14 जून शनिवार की दोपहर घर पर थी। भाई किसी काम से बाहर गया था। उसी दौरान नगला झाला कुर्रा मैनपुरी वर्तमान में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के पीली बंगा निवासी राजेश पाल पुत्र रामसनेही पाल उसे फुसलाकर भगा ले गया।

## सार-संक्षेप

### सरायमीरा बस स्टैंड होकर मंडी समिति नहीं जा सकेंगे ट्रैक्टर

**कन्नौज।** सरायमीरा जीटी रोड बस स्टैंड से अंधा मोड़ तक लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिये ट्रैक्टर ट्रालियों का रूट डायवर्जन किया गया है। अब ट्रैक्टर ट्रालियां रोडवेज बस स्टैंड के सामने से होकर मंडी की ओर नहीं जा सकेंगी। प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा बताया गया कि जलालपुर पनवारा एवं मकरंदनगर की तरफ से आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियां गैस गोदाम क्रॉसिंग से पाल चौराहा होकर मंडी समिति जाएंगी। इसी तरह पुलिस लाइन तिराहा की ओर से आने वाली मक्का लदी ट्रैक्टर ट्राली ओवरब्रिज से होकर पाल चौराहा होते हुए मंडी समिति जायेंगी। कोई भी ट्रैक्टर ट्राली सरायमीरा बस स्टैंड के सामने की सड़क से होकर मंडी समिति के लिए नहीं जा सकेंगी। बताया कि ट्रैक्टर ट्रालियों के कारण तिर्वा क्रासिंग से लेकर रेलवे स्टेशन मोड़ तक जाम लगने की समस्या बनी रहती है। इसी को देखते हुए नियम को बदला गया है। गर्मी का मौसम होने से जाम लगने पर लोग फंसकर परेशान हो जाते हैं। आम जनमानस को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए यह डायवर्जन करने का निर्णय लिया गया है। जाम लगने का मुख्य कारण सरायमीरा में ऑटो, टेंपो, ई-रिक्शा के अलावा रोडवेज व हरदोई जाने वाली बसों का आवागमन रहता है। इससे लोग सुबह से लेकर शाम तक परेशान रहते हैं। इसके अलावा मक्का लदी ट्रैक्टर ट्रालियों को गुजरने से जाम और अधिक लगने लगता है। इसी को देखते हुए यातायात प्रभारी ने रूट डायवर्जन कर दिया है। यातायात पुलिस पूरी तरह से इस का पालन करायेगी।

### कार की टक्कर से रिटायर्ड शिक्षक घायल, हालत गंभीर


अस्पताल में भर्ती घायल चेतराम।

**छिबरामऊ।** खड़नी जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे रिटायर्ड को कालका देवी मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में उनका बायां पैर बुरी तरह घायल हो गया। सौरिख खड़नी निवासी 69 वर्षीय चेतराम शाक्य पुत्र भगवतदयाल शाक्य मंगलवार को अपने पुत्र विकास के साथ नगर के सौरिख रोड स्थित कालिका देवी मंदिर के पास अपने मकान या प्लाट देखने के लिए आए थे। यहां से बापस जाने के लिए सौरिख रोड पर वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में उनका बायां पर बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुत्र ने उन्हें उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि चेतराम शाक्य कृषक इंटर कॉलेज कुतुपुर बहावलपुर चपुन्ना से सेवानिवृत्ति अध्यापक हैं।


जिला विद्यालय निरीक्षक रहे डॉ. पूरन सिंह को विदाई देते सह कर्मी।

### जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह को दी विदाई

**कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक, कन्नौज डॉ. पूरन सिंह का स्थानांतरण जनपद अलीगढ़ होने से उन्हें मंगलवार को कार्यालय में विदाई दी गयी। उन्होंने अपना सामान्य कार्यभार नीतू गुप्ता, प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कॉलेज, उमर्दा को हस्तान्तरित किया गया क्योंकि जनपद में तैनात हुए प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, पप्पू सरोज ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नही किया है। विदाई देने वालों में जिला समन्वयक अजय कुमार, प्रधानाचार्य जितेन्द्र यादव, विजय शंकर दीक्षित, योगेन्द्र कुमार, पारुल वर्मा, लक्ष्मी मिश्रा एवं कार्यलाय के समस्त स्टाफ सहित जनपद के कई शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### डिजिटल एक्सरे तो हो रहा पर नहीं मिल रही फिल्म

**तिर्वा।** कस्बे के सीएचसी पर एक साल पहले मरीजो के एक्सरे के लिए मशीन लगी थी। मरीजो को लगा की अब डिजिटल एक्स्रए के लिए भटकना नही पडेगा। प्रतिदिन सीएचसी पर होने वाली ओपीडी में सौ से अधिक मरीज आते हैं उनमें से करीब 11-12 को वं डाक्टर एक्सरे लिख देते है। सीएचसी पर लगे डिजिटल एक्सरे की मरीजों को फिल्म नहीं मिल पा रही। उनके एंड्रायड मोबाइल पर चित्र दिए जा रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर राजन शर्मा ने बताया कि जब से मशीन लगी तभी से फिल्म नही है।

अनदेखी | पर्यटन विभाग की तरफ से जारी हो चुके नोटिस, लेकिन मानक अधूरे

# 135 गेस्टहाउस में आधा दर्जन के ही रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में 135 होटल, गेस्ट हाउस व मैरिज लान का संचालन किया जा रहा है। खास बात यह कि इसमें से करीब आधा दर्जन ही हैं जो नियमतः सराय एक्ट 1867 के तहत पंजीकृत हैं। इसके अलावा सभी बिना मानक के ही संचालति हो रहे हैं। हालांकि विभाग की तरफ से प्रक्रिया जारी होने की बात कही जा रही है।

बता दें कि किसी भी होटल, गेस्ट हाउस या फिर मैरिज लान के संचालन के लिए सराय एक्ट के तहत पंजीकरण होना जरूरी है। मजेदार बात यह है कि जिले में 135 ऐसे प्रतिष्ठानों का संचालन हो रहा है जो हर महीने लाखों के वारे न्यारे करते हैं और शादी ब्याह के सीजन पर तो मानों दो हाथों लड्डू होते हैं। इसके बाद भी इनमें से अधिकांश बिना पंजीकरण के ही संचालित हो रहे थे।

गत वर्ष जून में पर्यटन विभाग की तरफ से सभी को इस संबंध में नोटिस जारी किए गए। इसके बाद भी इनके संचालकों की तरफ से कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। फलस्वरूप विभाग की तरफ से एक और नोटिस सभी को जारी किया गया। इसके बाद जाकर 6-7 की तरफ से रजिस्ट्रेशन कराया गया। वर्तमान में लगभग 128 प्रतिष्ठान बिना रजिस्ट्रेशन और मानक पूरे किए ही प्रतिष्ठानों का बेखौफ होकर संचालन कर रहे हैं। कारण यह है कि विभाग की तरफ से नोटिस देने की कार्रवाई तो की गई लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसका ही नतीजा है कि संचालक प्रक्रिया को पूरा करने को लेकर रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

इस संबंध में अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि सभी को नोटिस दिए जा चुके हैं। कुछ की पत्रावलियां प्रक्रिया में हैं। अन्य की तरफ से यदि प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती तो अंतिम नोटिस जारी कर प्रतिष्ठान सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कहीं नक्शे में झोल तो कहीं अन्य सुविधाएं गायब

**कन्नौज।** संचालकों ने आलीशान होटल व गेस्टहाउस तो खड़े कर दिए हैं लेकिन कहीं नक्शे में झोल है तो कहीं अन्य सुविधाएं गायब हैं। सरायमीरा बाईपास स्थित के विशाल होटल तक का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। और तो और नक्शा तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। खास बात यह है कि मुख्य सड़क पर स्थित इस होटल में पिछले कई महीनों से आयोजन कराने के साथ नियमित संचालन भी किया जा रहा है। इसकी भी पत्रावली लंबित बताई गई है।

### अवैध गतिविधियों में बंद हुए होटल फिर संचालित

**कन्नौज।** पिछले महीनों में एक चर्चित होटल श्रंखला की तरफ से छोटे-छोटे भवनों में संचालित होटलों को अवैध गतिविधियों के चलते बंद कराया गया। इसके बाद पता चला कि तिर्वा विधायक समेत अन्य शिकायतों में बंद ये होटल फिर से संचालित हो गए। अब ये होटल अलग-अलग नाम से संचालित किए जा रहे हैं। इनका भी न कोई मानक है न रजिस्ट्रेशन।

# ग्राम पंचायत अधिकारी ड्यूटी से गायब

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** निलंबन के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी ड्यूटी से गायब चल रही हैं। इसके बाद फोन भी बंद है। उनको जिला पंचायत राज अधिकारी की तरफ से अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद भी जवाब न देने पर बर्खास्तगी के लिए आगे की कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश की ओर से ग्राम पंचायत अधिकारी शास्त्रीनगर, कानपुर निवासी सुश्री संध्या यादव को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि 21 अगस्त 2024 को जिलाधिकारी के निर्देश पर 22 अगस्त को उन निलंबित करते हुए उमर्दा में संबद्ध किया गया था। सहायक विकास अधिकारी उमर्दा ने 16 मई 2025 को पत्र के द्वारा अवगत कराया गया कि वह निलंबन की तिथि से ही विकास खंड से अनुपस्थित चल रही हैं। 03 अप्रैल और 28 मई 2025 के द्वारा आपको विकास खंड से अनुपस्थित रहने, आरोप पत्र का जवाब न देने, मोबाइल स्विच ऑफ रखने, संपर्क न हो पाने आदि के संबंध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन 17 जून तक कोई जवाब नहीं दिया गया। अंतिम अवसर प्रदान करते हुए एक सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा की स्थिति में यह माना जाएगा कि उनको कुछ नहीं कहना है। इसके बाद के पद से बर्खास्त किए जाने को अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# झोलाछाप के इलाज से हुई युवक की मौत, कोहराम

## मृतक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर, पुलिस कर रही मामले की जांच

संवाददाता, कायमगंज


खुशीराम यादव।

**अमृत विचार।** कायमगंज थाना क्षेत्र के मेरापुर में झोलाछाप के इलाज से एक युवक की जान चली गई।

थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नगला चंपत निवासी उमाकांत यादव पुत्र खुशीराम यादव बीमार हो गया था। वह 16 जून को पड़ोसी गांव रसीदपुर में झोलाछाप रूपलाल शाक्य के यहां दवा लेने गया था। उसने युवक का इलाज शुरू किया और उसको दवा देने के बाद तीन इंजेक्शन लगा दिए। इंजेक्शन लगते ही उमाकांत की तबीयत बिगड़ने लगी तभी आनन-फानन में परिजन वहां से इलाज के लिए बाबा हॉस्पिटल ले गये। वहां पर डॉक्टर यूरिन में नली डाल रहे थे उसी समय युवक की हालत ज्यादा खराब हो गई तो डॉक्टर ने वहां से उसे रेफर कर दिया। परिजन वहां से लोहिया अस्पताल में लेकर जा रहे थे जैसे ही वह जिला अस्पताल लोहिया गेट पर पहुंचे तभी उमाकांत की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई विवेक कुमार ने मेरापुर थाने पहुंचकर झोलाछाप द्वारा भाई के गलत इंजेक्शन लगाने की रिपोर्ट दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे और मृतक की आर्थिक स्थिति देखकर थाना अध्यक्ष ने मृतक की पत्नी को 5000 रुपये दिए। संभावित जिला पंचायत प्रत्याशी हरिओम यादव ने 11000 रुपए पत्नी को दिए। इसके बाद ग्राम प्रधान घनश्याम शाक्य ने मृतक की पत्नी को एक आवास व पेंशन दिलवाने का भरोसा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि झोलाछाप के खिलाफ जो अभियान चलाया जा रहा है वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

## महिला गंगा में कूदी गोताखोरों ने बचाया

**फर्रुखाबाद।** घरेलू विवाद में महिला ने गंगा में कूद कर जान देने का प्रयास किया जिसे गोताखोरों ने काफी मशक्कत करके उसे बचा लिया और महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवरण के अनुसार थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव मुरास कन्हैया निवासी जगदीश चंद्र राठौर की 55 वर्ष की पत्नी जगदेवी का घर पर कुछ झगड़ा हो गया था इस बात को लेकर वह गुस्सा होकर घर से मोबाइल लेकर निकल गई और मोबाइल का स्विच ऑफ कर लिया काफी तलाश किया गया लेकिन नहीं मिली, उधर जगदेवी ने आक्रोषित होकर गंगा के पांचाल घाट पहुंचीं जहां उसने गंगा में कूद कर जान देने का प्रयास किया। महिला के गंगा में कूदने पर आसपास के लोगों ने देख लिया और तुरंत गोताखोर एवं पुलिस को खबर की गोताखोरों ने काफी प्रयास करके जगदेवी को जीवित बाहर निकाल लिया और इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत ठीक है।

# चाचा की हत्या की नीयत से की थी युवक ने फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कस्टडी में लाए आरोपी की निशानदेही पर तमंचा बरामद
- गांव से 500 मीटर दूर तालाब किनारे छिपा रखा था

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में दौदापुर पूर्वी में 50 वर्षीय सत्यवीर को जान से मारने की नीयत से गोली मारने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आरोपी गौरव को जिला कारागार से रिमांड कस्टडी में लेकर पूछताछ के बाद पुलिस ने 315 बोर का तमंचा बरामद कर लिया है, जिसे उसने गांव से 500 मीटर दूर तालाब किनारे झाड़ियों में छिपा रखा था।

23 मई 2025 को दौदापुर पूर्वी निवासी सत्यवीर को गांव के ही गौरव ने गोली मार दी थी। घटना के बाद पीड़ित के भाई मुनीम की तहरीर पर कोतवाली मोहम्मदाबाद में 25 मई को मुकदमा पंजीकृत हुआ था, इस मामले में गौरव समेत चार लोगों को नामजद किया गया था। कोर्ट में पेशी के दौरान कड़ी सुरक्षा में लाया गया आरोपी 3 जून 2025 को गौरव को उसके दो साथियों दीपेश व जयवीर के साथ कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद 17 जून को गौरव को रिमांड कस्टडी में लेकर मोहम्मदाबाद पुलिस ने गहन पूछताछ की, जिसमें आरोपी ने खुलासा किया कि उसने तमंचा घटना के बाद गांव से कुछ दूरी पर नंदसा की तरफ एक बाग में तालाब के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि गौरव ने पूछताछ में बताया कि सत्यवीर उसका सगा चाचा है और वह अपने बड़े भाई के साथ रहता था। गौरव को इस बात से जलन थी कि सत्यवीर गांव की भेड़ों व संपत्ति का अधिक हिस्सा मुनीम को देता था। इसी रंजिश में उसने जानलेवा हमले को अंजाम दिया।

## सार-संक्षेप


जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक। अमृत विचार

### स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद।** जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी जिला स्तरीय और विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों के अतिरिक्त जिला पंचायत सदस्य बढ़पुर-प्रथम और ग्राम प्रधान न्यामतपुर ठाकरान में उपस्थित थे। व्यक्तिगत शौचालय के लिए 3750 आवेदनों का निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है, जिलाधिकारी द्वारा 10 दिन में सभी आवेदनों का निस्तारण कराने के निर्देश सभी बीडीओ को दिये गये। 06 ग्रामों में भूमि विवाद और एक ग्राम में में लेखपाल द्वारा चिन्हांकन नहीं करने के कारण आरआरसी का निर्माण नहीं प्रारंभ होने पर जिलाधिकारी द्वारा बहुत अप्रसन्नता व्यक्ति की गई और निर्देशित किया गया कि सभी खंड विकास अधिकारी उप जिलाधिकारी के साथ समन्वय कर समस्त ग्रामों में भूमि चिन्नामांकन का निराकरण करा कर निर्माण सुनिश्चित करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए की सभी ग्राम पंचायत में निर्मित सभी आरसी को संचालन और कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाय।

### तीन लोगों ने खाया जहर, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में तीन लोगों ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसमें दो की हालत गंभीर है। कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर निवासी मनोज कुमार (34) क्षेत्र के गांव बल्लू बेहटा निवासी जगदीश का 16 वर्षीय पुत्र हरेंद्र व भगवतीपुर निवासी जुगेंद्र का 17 वर्षीय पुत्र राहुल ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब उल्टियां होने पर परिजनों को जानकारी हुई तभी गंभीर हालत मे तीनो के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए मनोज कुमार व हरेंद्र को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### ब्रेक फेल होने से पलटा ट्रक, चालक-परिचालक घायल

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा जगम्मनपुर में अचानक ब्रेक फेल होने से बल्ली से लदा ट्रक पलट गया। जिसमें चालक व खलासी घायल हो गए। इटावा के उदी मोड़ निवासी ट्रक चालक भंवर सिंह 45 वर्ष अपने परिचालक बाबरपुर निवासी मोहम्मद अलताज के साथ सोमवार की देर शाम ऊमरी से मिनी ट्रक पर यूकेलिप्टस की बल्ली लादकर नमामि गंगे विभाग को सप्लाई देने इटावा जा रहा था। तभी कस्बा जगम्मनपुर में ढाल पर अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, और आगे ज्यादा ढाल व घनी बस्ती के अलावा सड़क पर भीड़ भाड़ देखकर ड्राइवर के हाथ पैर फूल गए। बड़े हादसे को बचाने के लिए ड्राइवर ने ट्रक को सीसी सड़क से नीचे उतारकर किनारे लगे मिट्टी के ढेर के सहारे रोकने का प्रयास किया। लेकिन सीसी सड़क की ऊंचाई अधिक होने से ट्रक कंडक्टर साइड पलट गया और हादसे में चालक व परिचालक घायल हो गए। फिलहाल ट्रक चालक की सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

### लोडर चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मिहोना निवासी पुष्पेन्द्र यादव 19 वर्ष ने बीती सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मिहोना निवासी पुष्पेन्द्र यादव 19 वर्ष पुत्र महेंद्र यादव गांव में लोडर चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया गया कि वह रोज की तरह सोमवार की रात घर लौटा और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। परिवार वालों ने बताया कि उसने अपने कमरे में एक साड़ी के सहारे खूंटी से लटककर जान दे दी। सुबह जब पिता ने देखा तो उन्होंने परिवार के लोगों को सूचना दी। घटना की खबर गांव में फैलते ही गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के अनुसार इस दुखद घटना के बाद पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी।

### ट्रक में पीछे से भिड़ी स्लीपर बस, कई यात्री घायल

**उरई जालौन।** गोहन थाना क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस आगे चल रहे ट्रक में पीछे से भिड़ गई। जिससे बस पर सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों को गोहन पुलिस ने उपचार के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज जारी है। दिल्ली से सवारियां लेकर स्लीपर बस सोमवार रात को हमीरपुर राठ जा रही थी। इस दौरान बस जब बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गोहन थाना क्षेत्र में पहुंची तभी आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। बताया गया कि घटना उस समय हुई जब खनिज विभाग की टीम एक्सप्रेसवे पर चेकिंग कर रही थी। आरोप है कि खनिज विभाग टीम ने एक ट्रक को रोका और ट्रक के अचानक रुकने से पीछे से आ रही राठ दिल्ली स्लीपर बस उससे टकरा गई। टक्कर से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। सूत्रों की मानें तो हादसे के बाद खनिज विभाग की टीम नौ दो ग्यारह हो गई। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पहुंची गोहन थाना पुलिस ने हाईवे एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने जल्द ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया। प्रारंभिक जांच में ट्रक का अचानक रुकना और बस की तेज रफ्तार हादसे का कारण सामने आया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत दूसरा गंभीर

**उरई।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र में जखा बम्बी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो लोगों में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जालौन नगर के मोहल्ला फर्द नवीस निवासी धर्मेंद्र 48 वर्ष पुत्र जगदीश बाथम व लंघाटे 50 वर्ष मंगलवार को बाइक से सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर जीत के पास यमुना नदी में शिकार खेलने गए थे। बताया गया है कि जब यह लोग यमुना से शिकार खेल कर वापस लौट रहे थे। तभी जखा बंबी के पास दमरास की ओर से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में लंघाटे की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए घायल को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# रोडवेज के रंग की डग्गामार बस सीज

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


डग्गामार बस रोडवेज के रंग में।

**अमृत विचार।** डग्गामार वाहनों के खिलाफ़ एआरटीओ द्वारा चेकिंग अभियान डीएम के निर्देश पर चलाया जा रहा था। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा कायमगंज रोड पर गुप्त चेकिंग अभियान चलाया।

सूचना के आधार पर सुबह 08.00 बजे बस को फर्रूखाबाद से दिल्ली आनन्द विहार की ओर जाते हुये चेक किया गया तो बस का रंग परिवहन निगम की बसों से मिलता हुआ प्रतीत हुआ। बस के आगे एवं पीछे ऊपरी भाग पर कौशाम्बी तथा उत्तर प्रदेश लिखा हुआ था। बस की साइड में उत्तर प्रदेश आपका अपना साथी लिखा हुआ पाया गया, बस के अन्दर दिल्ली आनन्द विहार की प्लेट लगी हुई थी। बस को राज्य सड़क परिवहन निगम के फर्रुखाबाद बस स्टेशन पर चालान कर निरूद्ध कर दिया साथ ही जुर्माना लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि बस का रंग उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों से मिलता हुआ होने के कारण एआरएम-रोडवेज को बस स्वामी के विरूद्ध रिपोर्टदर्ज कराने के निर्देश दिये गये हैं। बस का परमिट निरस्त करने के लिये सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकरण लखनऊ को पत्र भेज दिया गया है।

## नशीले पदार्थो को लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद।** जनपद में पदार्थ की बिक्री पर और कारोबार पर रोक लगाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें आबकारी विभाग, अभियोजन.पुलिस विभाग, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, शिक्षा विभाग आदि प्रमुख हैं।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए विभागों के बीच समन्वय बढ़ाना और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना था। बैठक में विभागों द्वारा गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीत पर चर्चा की गई। नशा मुक्ति को लेकर सभी को शपथ दिलवाई गई।

# सनातन धर्म के अपमान पर किया राजेपुर थाने का घेराव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। श्री राजपूत करणी सेना द्वारा बौद्ध कथा में सनातन धर्म के अपमान एवं धर्मांतरण पर जोर देने को लेकर राजेपुर थाने का घेराव कर अपनी आवाज को उठाया। करणी सेना ने कहा कि राजेपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में 12 से 16 जून 2025 के मध्य हुई बौद्ध कथा में सनातन धर्म के अपमान व धर्मांतरण पर जोर देने को लेकर राजेपुर थाने का घेराव करके आवाज उठाई साथ ही संबंधित के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र भी दिया है। कथा में रक्षा सूत्र कलावा व मस्तक पर लगे हुए तिलक को गुलामी की प्रथा बता कर अपमानित किया गया।


करणी सेना थाने का घेराव करती हुई। अमृत विचार

इस पूरे प्रकरण को श्री राजपूत करणी सेना द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष कुँवर विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना राजेपुर में मुकदमा पंजीकृत करने के लिऐ घेराव कर प्रार्थना पत्र दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, सचिन शर्मा जिलाध्यक्ष गौ रक्षा व जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान जिला प्रभारी अरविन्द चौहान राम प्रताप सिंह भानू विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर देवेन्द्र सिंह महामंत्री विधान सभा, वेदप्रकाश सिंह संयोजक विधानसभा अमृतपुर सहित दर्जनों पदाधिकारियों के अलावा नितेश मिश्रा, जीतू मिश्रा, ऋषि मिश्रा, राघवेन्द्र सिंह पिंकू मास्टर सहित सैकड़ों ग्रामीण ग्राम सलेमपुर के उपस्थित रहे।

# सपा गरीबों, शोषितों, वंचितों के साथ खड़ी

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


सपा कार्यकर्ता भोजपुर में पीडीए कार्यक्रम के दौरान। अमृत विचार

अमृत विचार। मंगलवार को भोजपुर विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 238 ग्राम नथुआपुर, भोला नगला, उमराव नगला में समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के नेतृत्व में संयुक्त जन पंचायत, पीडीए चर्चा एवं पीडीए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से जिला महासचिव जहान सिंह लोधी, प्रधान कश्मीर सिंह यादव, रामगोपाल वर्मा, तुलाराम वर्मा, रिशिपाल वर्मा, हाकिम सिंह, उमेश राजपूत, राम कप, सुरेश चंद्र, रोहित वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बूथ संख्या 238 स्थित धारा नगला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान राजा राम वर्मा, विनोद शास्त्री, शिवरतन सिंह, रामविलास यादव, उदय सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ संख्या 239 एवं 240 के अंतर्गत ग्राम बहुरन हवेली में भी डॉ. रघुवीर सिंह वर्मा की अध्यक्षता में पीडीए संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व प्रधान छोटेलाल वर्मा, रामनिवास वर्मा, डॉ. अवधेश वर्मा, सनी राजपूत, भूधर वर्मा तथा आदिल समेत बड़ी संख्या में पार्टी समर्थकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के पश्चात पूर्व विधायक श्रीमती उर्मिला राजपूत ने स्व. बाबूराम वर्मा के निधन पर उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। अपने संबोधन में पूर्व विधायक ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी तरह से जातिगत भेदभाव के आधार पर कार्य कर रही है। प्रदेश में आम जनमानस की आवाज दबाई जा रही है, और कोई भी भाजपा के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। उन्होंने कहा कि सिर्फ समाजवादी पार्टी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही हैं, जो हर वर्ग, हर समुदाय और हर पीड़ित की आवाज बुलंद कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी आज भी गरीबों, शोषितों और वंचितों के साथ मजबूती से खड़ी है।

# विद्युत सब स्टेशन कालपी परिसर में लगेगा वाटर कूलर

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** निरंतर बिजली आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा 600 केवीए के ट्रांसफार्मर से सुसज्जित ट्रॉली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा विद्युत सब स्टेशन कालपी परिसर में वाटर कूलर भी स्थापित किया जायेगी।

नगर के मोहल्ला टरनंनगंज में विधायक जनसंपर्क कार्यालय में नागरिकों तथा विभागीय अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के साथ मीटिंग में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने विद्युत आपूर्ति के बारे में चर्चा की। इस दौरान अवर अभियंता ने बताया कि समय-समय पर अलग-अलग स्थानों में ट्रांसफार्मर के खराब होने के मामले हो जाते हैं। जिस कारण सप्लाई व्यवस्था प्रभावित होती है। तय मसौदे के मुताबिक कालपी नगर में निर्विवाद विद्युत आपूर्ति के लिए 600 केवीए ट्रांसफार्मर से सुसज्जित चलती फिरती ट्राली की उपलब्धता पर सहमत जताई गई। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा इस संबंध में दूरभाष से अधिशासी अभियंता महेंद्र नाथ भारती से वार्ता की गई।

जल्द ही कालपी नगर को ट्रांसफार्मर युक्त ट्राली मिल जाएगी। बातचीत के दौरान विद्युत सब स्टेशन एवं विद्युत उपखंड कार्यालय के परिसर की हकीकत को जानते हुए उन्होंने शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए हामी भरी। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के द्वारा पालिका की ओर से विद्युत सब स्टेशन कालपी में वाटर कूलर लगाने पर सहमति जताते हुए जल्द ही उचित कदम उठाने का भरोसा दिया। इस मौके पर रिंकू पोरवाल, मनोज चतुर्वेदी, रविंद्र सिंह, सलीम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

तैयारी | विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा

# डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जुलाई माह में संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई की तैयारियों के मद्देनज़र जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में मातहतों को संबोधितक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय।

जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित विभागों की भूमिका, जिम्मेदारियां और समन्वय सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने कहा कि दिमागी बुखार, वेक्टर जनित रोग, जल जनित बीमारियां और दस्त रोग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए बहुविभागीय समन्वय और जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। अभियान को प्रभावी बनाने हेतु सभी विभागों को स्पष्ट दायित्व सौंपे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग को अभियान का नोडल विभाग नामित किया गया है। विभाग रोग निगरानी, वेक्टर सर्वे, परीक्षण, निःशुल्क परिवहन, प्रचार-प्रसार, फॉगिंग और रिपोर्टिंग जैसे कार्यों की ज़िम्मेदारी निभाएगा। शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, फॉगिंग, नालियों की सफाई, हैण्डपम्प चिन्हांकन, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं मलिन बस्तियों में विशेष कार्यवाहियों का संचालन किया जाएगा। पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग ग्राम प्रधानों को ग्राम स्तर पर नोडल की भूमिका दी गई है। ग्राम निगरानी समितियों, स्वच्छता अभियान, जलनिकासी, वेक्टर नियंत्रण, शौचालय निर्माण एवं स्वच्छ भारत मिशन की गतिविधियों पर जोर रहेगा।

पशुपालन विभाग लेप्टोस्पायरोसिस जैसे रोगों की रोकथाम हेतु विभाग सूकर पालन स्थलों की सफाई, वैक्टर नियंत्रण, सूकर पालकों का प्रशिक्षण आदि करेगा। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण, कुपोषित बच्चों की पहचान, पोषण पुनर्वास, दस्तक अभियान में सहभागिता और जनजागरूकता की जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा विभाग छात्रों व अभिभावकों को जागरूक करने, यूनिफॉर्म में बदलाव, विद्यालयों में रोग की सूचना देने, रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एईएस/जेई से दिव्यांग हुए बच्चों का सर्वे, पुनर्वास, उपकरण वितरण एवं समावेशी शिक्षा के लिए ज़रूरी संसाधन सुनिश्चित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सख्त निर्देश देते हुए अभियान को जनभागीदारी के साथ संचालित करने तथा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में समन्वित रूप से कार्यवाही करने पर बल दिया।

# संयुक्त टीम ने पकड़ी लाखों की शराब

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापामारी कर औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर 4 के पास मकान में रखी लाखों रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद कर ली। टीम ने विभिन्न ब्रांड की मकान में रखी शराब 1198 बोतलें बरामद की हैं।


बरामद की गई शराब। अमृत विचार

औरैया मार्ग पर स्थित चुंगी नंबर 4 के पास संचालित देशी शराब की दुकान के बगल में रामप्रकाश का मकान है। मकान के तहखाने में बड़ी मात्रा में पिछले वित्तीय वर्ष की अंग्रेजी शराब रखी हुई थी। पिछले वित्तीय वर्ष की शराब की ब्रिकी चोरी से की जा रही थी। पिछले वित्तीय वर्ष की बेची जा रही शराब की सूचना पुलिस को मिली। जानकारी मिलते ही लोकेश कुमार प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अपनी टीम मुलचन्द्र, निमिष त्रिपाठी, राम पटेल के साथ मौके पर पहुंच गये तथा इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह मौके पर पहुंच गये। पुलिस टीम ने मकान मालिक रामप्रकाश कुशवाहा से सम्पर्क किया तो पता चला कि उनका मकान मोहित राठौर किराये पर लिये है। बुलाने पर दोनों के न आने पर पुलिस ने ताला तोड़ कर देखा तो तहखाने में टीम को मौके से कुल 127 शराब की बोतलें, 595 अध्धा और 476 पाउवे बरामद हुए हैं। पकड़ी गयी शराब की बाजार में कीमत लगभग 3 लाख रुपये बतायी जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत

## परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर काटा हंगामा

संवाददाता इकदिल इटावा



घटना के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव पिलखर के पास संचालित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता व नवजात की अचानक तबियत बिगड़ गई। अस्पताल में मौजूद नर्स ने उनका इलाज करने का प्रयास किया लेकिन उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई। इस पर अस्पताल के संचालक ने दोनों को हायर सेंटर हॉस्पिटल भेज दिया। लेकिन रास्ते में दोनों की मौत हो गई। बाद में मृतका के परिवार के लोग दोनों के शवों को लेकर अस्पताल पहुंचे और शवों को रखकर हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने डाक्टरों पर लापरवाही से इलाज करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। इस बीच अस्पताल में काम करने वाले भाग निकले।

मंगलवार की सुबह करीब चार बजे धर्मेंद्र कुमार अपनी पत्नी दिव्यांशु उम्र 30 को प्रसव के लिए पिलखर के सामने स्थित गुरु जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। हॉस्पिटल संचालक व डॉक्टरों ने बेहतर इलाज का आश्वासन दिया। नार्मल डिलीवरी के बाद महिला ने स्वस्थ नवजात को जन्म दिया। अस्पताल संचालक ने बताया कि नवजात की शिशु की धड़कन कम है और उसे आई सी यू में ले जाने के लिए बोला। स्वजन उसे इटावा शहर लेकर गए जब तक पहुंचते नवजात ने दम तोड़ दिया। वहीं प्रसव के बाद से ही जच्चा को रक्तस्त्राव शुरू हो गया एक घण्टा बीतने के बाद भी वहां मौजूद स्टाफ के लोग रक्तस्त्राव नहीं रोक पाये। हालत गंभीर देखते हुए प्रसूता को हायर सेंटर नर्सिंग होम के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही उसकी भी मौत हो गई। दिव्यांशु की मौत से गुस्साए परिवारजनों ने गुरु जी हॉस्पिटल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजनों को समझा कर शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अस्पताल संचालक स्टाफ नर्स कैमरे के सामने से दूर रहीं। मृतका के पति ने आरोप लगाया है कि इलाज में लापरवाही के चलते पत्नी व बच्चे की मौत हो गई है। हॉस्पिटल बैगर मानक के चल रहा स्टाफ नर्स ही प्रसव करा रही हैं। अगर स्त्री रोग सर्जन इलाज कर रही होती तो जच्चा बच्चा की मौत नहीं होती। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि अस्पताल के बाहर इकट्ठा भीड़ को हटा दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## कोविड से बचाव की दी जानकारी

**जसवंतनगर।** देश भर में बढ़ रहे कोविड के मामलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने लोगों को कोविड के सामान्य लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लगातार खांसी, सर्दी व जुकाम हो, सिरदर्द बदन दर्द या जोड़ों में दर्द रहता हो, सांस लेने में दिक्कत होती हो, बुखार 105 से ऊपर पहुंच जाए तो शीघ्र चिकित्सक को दिखाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे खुला रहता है। बच्चों वृद्ध व गर्भवती महिलाओं की इम्युनिटी कमजोर हो जाती है वे तेज धूप में न निकलें व खानपान अच्छा रखें। जहां कोई बीमारी फैली हो वहां बच्चों को न जाने दें। सादा खाना खाएं तले भुने खाने का परहेज करें। पिछली कोविड लहर के दौरान यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एल 2 बनाया गया था इस बार अभी कोई विभागीय आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर अस्पताल में आने वाले मरीजों को निश्चित दूरी पर रहने को कहा जा रहा है।

# यूपीयूएमएस में मनाया गया राष्ट्रीय 'सर्जन्स डे'

संवाददाता सैफई इटावा



कार्यक्रम में कुलपति का स्वागत करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपीयूएमएस में जनरल सर्जरी विभाग के तत्वावधान में "राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह मनाया गया। जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.एसपी सिंह ने बताया चिकित्सा इतिहास में एक नई शुरुआत करते हुए एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया की प्रयागराज इकाई ने घोषणा की है कि इस वर्ष पहली बार 15 जून को "सर्जन्स डे" के रूप में मनाया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर को व्यापक रूप देने के लिए हमारे संस्थान में भी 8 जून से 15 जून 2025 तक पूरे सप्ताह को "सर्जन्स सप्ताह" के रूप में मनाया गया। उन्होंने बताया कि 11जून को स्टोमा केयर जागरूकता कार्यक्रम, व 13 जून को "भविष्य के सर्जनों" पर एक सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन भी हुआ। इस अवसर कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर पीके जैन ने कहा कि एक सर्जन न केवल ऑपरेशन थिएटर में जीवन बचाता है, बल्कि समाज में बदलाव की नींव भी रखता है'। सर्जन्स सप्ताह' चिकित्सा के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक दायित्वों की पुनः पुष्टि का माध्यम है। सीएमई में विशिष्ट अतिथि वक्ता प्रो. डॉ. निखिल सिंह (एंडोक्राइन सर्जन, अध्यक्ष व प्रो. डॉ. अंशिका अरोरा ने अपने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में में डॉ विपिन गुप्ता, डॉ अनिल कुमार, डॉ. राजेश कुमार , डॉ. राम लखन वर्मा की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौम्या त्रिपाठी ने किया।

● स्टोमा केयर जागरूकता कार्यक्रम व भविष्य के सर्जनों पर सीएमई का हुआ आयोजन

# मौसी के घर फंदे पर लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सिविल लाइन इलाके में कचौरा रोड पर साईं मंदिर के पास आगरा के रहने वाले युवक का शव मौसी के घर पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पत्नी और ससुरालियों ने मौसी और सगे भाइयों पर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया है।

आगरा के पिनाहट में रहने वाला 35 वर्षीय आलोक कुमार छह माह से कचौरा रोड पर साईं मंदिर के पास मौसी के घर रह रहा था। सोमवार शाम को उसका शव मौसी के घर पर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घटना की जानकारी पर आलोक की पत्नी कमलेश मायके वालों के साथ जिला अस्पताल पहुंची। पत्नी ने आरोप लगाया कि मौसी और आलोक के सगे भाइयों ने ही फंदे पर लटकाया है। आलोक के साले चंद्रपाल ने बताया जीजा संविदा पर रोडवेज में नौकरी करते थे। एक बेटा और एक बेटी है। मौसी के कोई औलाद नहीं है, छह माह पहले मौसी ने आलोक की नौकरी छुड़वाकर अपने पास बुला लिया था। उन्होंने उसे एक प्लाट दिलाने की भी बात कही थी। आरोप है कि आलोक मौसी से प्लॉट नाम कराने की कह रहा था, इसी वजह से मौसी और आलोक के सगे भाइयों ने फांसी के फंदे पर लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम चौहान ने बताया जांच पड़ताल की जा रही है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता इकदिल इटावा

**अमृत विचार।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे फूफई ओवर ब्रिज के ऊपर परवेज खां पुत्र मुश्ताक खान निवासी सरैया ताल थाना बसरेहर अपनी पत्नी परवीन व पुत्री को लेकर बाइक से बकेवर से इटावा आ रहे थे तभी फूफई ओवर ब्रिज के ऊपर पीछे से आ रहा ट्रक ने कट मार दिया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और परवीन की गोद से नौ माह की जीनत छिटककर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। इस हादसे में जीनत की मौत हो गई। बाइक से गिरने से परवीन 20 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम मार्टम के लिए भिजवाया और घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



हादसे में पुत्री की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

दूसरी घटना थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत इकदिल ओवरब्रिज पर हुई। जहां लोडर और पिकअप के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई और उसका साथी युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। रूप सिंह 30 वर्ष पुत्र सूरज निवासी सिरसा बसरेहर व लवकुश 24 वर्ष पुत्र मनोहर लाल निवासी चम्पानेर बसरेहर लोडर गाड़ी से अपने घर जा रहे थे तभी इकदिल हाइवे ओवरब्रिज पर लोडर में पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे लोडर सवार रूप सिंह की मौके पर मौत हो गई और लवकुश गम्भीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना पर थाना इकदिल पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### दुर्घटनाओं में तीन लोग हुए घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत परसुपुरा के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक चालक अमित 25 वर्ष निवासी वैदपुरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत नगला बाबा के पास कार और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में वर्षा 21 वर्ष पुत्री राकेश कुमार निवासी पक्का बाग फ्रेंड्स कालोनी और सिमरन 22 वर्ष पुत्री संतोष निवासी नोरंगाबाद इटावा घायल हो गईं।

## सार-संक्षेप



पक्षियों के दाना पानी के लिए कटोरे वितरित करतीं जायन्ट्स सहेलियां।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ़ सहेली ने पक्षियों के लिए बांटे कटोरे

**इटावा।** भीषण गर्मी के चलते जहां मनुष्य गर्मी के कारण परेशान है उन बेजुबान पशु पक्षियों के बारे में भी हमें सोचना चाहिए कि हम उन्हें कैसे राहत पहुंचाए। इसी विचारधारा के चलते जायंट्स ग्रुप ऑफ़ इटावा सहेली ने पक्का तालाब साईं मंदिर के समाने राहगीरों को पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए दाना पानी देना और छांव की व्यवस्था करने के लिए जागरूक किया। ग्रुप की तरफ से लोगों को पक्षियों के दाना पानी देने के लिए कटोरे वितरीत किए और कहा कि अपनी छतों पर बालकनी आदि स्थानों में दाना पानी भर कर रखें जिससे इस भीषण गर्मी से उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना डीओएफ विमल शर्मा, संध्या अग्रवाल, ममता, पूनम, मंजू, उमा, सपना, ऊषा आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

### किसान दिवस का आयोजन आज

**इटावा।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 18 जून को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि एवं कृषि से जुड़े समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कर किसानों की समस्याओं का यथा सम्भव स्थलीय समाधान किया जाएगा।

### सीएम युवा योजना की कार्यशाला कल

**इटावा।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र सुधीर कुमार ने बताया कि 19 जून को अपरान्ह 2 बजे प्रेरणा सभागार विकास भवन में सीएम युवा योजना की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी व आवेदन करने की प्रक्रिया समझायी जायेगी। समस्त उद्यमी संगठनों, उद्यमियों से अपील है कि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करें।

### मारपीट में दो महिलाएं घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिलाएं घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लालपुरा निवासी पूजा 26 वर्ष पत्नी सोनू मोहल्ले में मारपीट की घटना में घायल हो गई। थाना लवेदी क्षेत्र के अंतर्गत लाखनपुर निवासी पुष्पा देवी 52 वर्ष पत्नी मनोज कुमार गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गई।

### राशन डीलर का चुनाव 19 को

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत अहेरीपुर में राशन डीलर चुनाव हेतु खुली बैठक का आयोजन आगामी 19 जून 2025 को ग्राम प्रधान संगीता वर्मा की अध्यक्षता होगा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए ग्राम सचिव अनुष्का दुबे ने बताया कि 19 जून को साढ़े 11 बजे से पंचायत घर के पास सब्जी मंडी स्थल अहेरीपुर में खुली बैठक का आयोजन होगा । खंड विकास अधिकारी को चुनाव कराने हेतु स्टाफ एवं सुरक्षा हेतु पुलिस बल की व्यवस्था कराने हेतु प्रधान व सचिव द्वारा पत्र भी लिखा गया है ।

### एंटी लार्वा का छिड़काव कराया

**इटावा।** संचारी रोग को दूर रखने के लिए नालापार पुरविया टोला वार्ड में चूना चक्की की गलियों में एंटी लार्वा का छिडकाव कराया गया तथा लोगों से सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की अपील की। समाज सेवी डा. हरीशंकर पटेल ने एंटी लार्व का छिड़काव करते समय मोहल्ला वासियों से अपील की कि स्वयं, घर के अन्दर तथा बहार की सफाई का ध्यान रखे । सफाई से ही बीमारियों से निदान मिलेगा। एंटी लार्व के छिड़काव में समिति के राधव गुप्ता, कृष्णा तथा नगर पालिका परिषद के सफाई नायक नरेश के साथ उनकी टीम उपस्थित रही।

## दिन में उमस भरी गर्मी, शाम को बारिश ने दिलाई राहत

**इटावा ।** मंगलवार को दिन में उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। पूरे दिन लोग पसीना पसीना होते रहे। बिजली की आंख मिचौली ने रात को सोने नही दिया और दिन में भी सुकून नही लेने दिया। लेकिन शाम करीब पौने 6बजे हल्की बारिश ने लोगों को राहत दिलाई।

रविवार की सुबह से मौसम बदला है। उसके बाद से तापमान में तो गिरावट आई है और तापमान लगभग 38 डिग्री तक ही रहा है। इस बीच उमस बढ़ रही है जो लोगों को परेशान कर रही है। हवा नहीं चली और उमसभरी गर्मी में लोग परेशान रहे। हालांकि स्कूलों की छुट्टी चल रही है लेकिन कार्यालय में कर्मचारी गर्मी से परेशान है और इससे उनके कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। सूर्यास्त के बाद ही लोग बाहर निकलते हैं। मंगलवार को भी सुबह ही धूप निकल आई हालांकि धूप में ज्यादा तेजी नहीं थी और तापमान भी अधिक नहीं था लेकिन उमस सुबह से ही थी। लेकिन शाम के समय बरसात होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुई स्क्रीनिंग



टीबी के बारे में जानकारी देते स्वास्थ्यकर्मी।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारियों ने जनपद में क्लोज सेटिंग अभियान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. श्रीनिवास यादव के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत बेसहारा, झुग्गी, मलिन बस्ती, अनाथालय, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा,कारागार,ईंट भट्ठे आदि जगहों पर क्लोज सेटिंग अभियान चलाया जाना है जिसमें उच्च जोखिम आबादी की स्क्रीनिंग की जानी है। टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों की बलगम की जांच कराई जाएगी जांच में टीबी पाये जाने पर पूरा इलाज निःशुल्क दिया जाएगा साथ ही निक्षय पोषण योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य अनिल पाल एसटीएस एवं आलोक टीबीएचवी ने 135 व्यापारियों की स्क्रीनिंग की जिसमें तीन व्यक्ति लक्षण पाए गए जिन्हें बलगम का कंटेनर देकर जांच कराने के लिए कहा गया। इससे पूर्व ईंट भट्ठे पर भी टीबी अभियान चलाया गया।

## फिलस्तीन में हो रहे नरसंहारको रोकने के लिए दिया ज्ञापन

**इटावा।** फिलस्तीन में इजराइल द्वारा किए जा रहे सैन्य कार्यवाहियों के विरोध में वामपंथी दलों के देशव्यापी आहवान पर माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला को सौपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि इस नरसंहार युद्ध में फिलस्तीनियों की हत्यायें की जा रही है। जिनमें 60 फीसदी से ज्यादा स्त्री और बच्चे हैं। फिलस्तीन में स्कूलों-अस्पतालो, घरों और फसलों को नेस्तानाबूत किया जा रहा है। ज्ञापन में राष्ट्रपति को संबोधित किया गया है। भारत सरकार से अपील की गई कि फिलस्तीन के समर्थन में नरसंहार की कठोर निंदा करे और शांति के पक्ष में खडी हो। ज्ञापन देने वालों में माकपा जिलामंत्रिपरिषद सदस्यगण अमर सिंह शाक्य, डा0 शौकीन सिंह, प्रेमशंकर यादव, जिलाकमेटी सदस्य नरेन्द्र शाक्य, शहर ब्रांच मंत्री मनोज राठौर, डीवाईएफआई के जिलामंत्री मोनू यादव आदि रहे।

# सूर्य नमस्कार कर योग के प्रति किया जागरूक



योग करते इंजीनियरिंग कालेज के लोग।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के आवासीय परिसर में स्थापित योग वाटिका में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने हेतु अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा के कुशल नेतृत्व में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, कर्मचारी एवं अधिकारियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा ने बताया कि आयोजित सूर्य नमस्कार ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव कार्यक्रम में निश्चित रूप से विद्यार्थियों में उर्जा संचार के साथ-साथ एकाग्रता में भी वृद्धि होगी इस अवसर पर हार्टफुलनेस की टीम द्वारा निरंतर कराया जा रहा है।

यह महाविद्यालय छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहा है। अंत में इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरिकृष्ण तिवारी, सर्वेश त्रिपाठी हार्टफुलनेस के डॉ ज्ञानेंद्र सिंह सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

वर्ल्ड क्रोकोडाइल डे | संरक्षण के 50 साल पूरे होने पर मनाया गया स्वर्ण जयंती वर्ष

# नदियों के जल को साफ करते हैं मगरमच्छ

कार्यालय संवाददाता इटावा




गोष्ठी में बोलते हुए डॉ. राजीव चौहान। अमृत विचार

● वन विभाग और सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर संस्था के संयुक्त प्रयास से हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** वर्ल्ड क्रोकोडाइल डे के अवसर पर घड़ियाल संरक्षण के पचास साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया ।

कार्यक्रम में बोलते हुए इस स्कॉन महासचिव डॉ. राजीव चौहान ने बताया कि 1975 में उत्तर प्रदेश में घड़ियाल संरक्षण परियोजना लागू की गई इसके बाद इटावा जिले की चम्बल नदी से घड़ियालों के अंडे संकलित कर लखनऊ के कुकरैल स्थित कृत्रिम प्रजनन केंद्र मैं तीन से पांच साल तक पाल पोस कर बड़ा करने के बाद बच्चों को चंबल नदी में छोड़ा गया था जिसके बाद आज चंबल में घड़ियालों की संख्या दो से ढाई हजार के बीच मौजूद है। वन विभाग बसरेहर के वन क्षेत्राधिकारी अमित सोलंकी बताते हैं कि घड़ियालों की संख्या में व्यापक इजाफा वन अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में रहने वालों लोगों के संयुक्त प्रयास से संभव हुआ है।

प्रधानाचार्य डॉ निर्मल चंद बाजपेई ने बताया कि 1975 से पहले चंबल नदी में बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार किया जाता था । उस वक्त एक अनुमान के मुताबिक मात्र 200 की संख्या में ही घड़ियाल बचे थे। डॉ अत्री गुप्ता ने बताया कि इन्हें विश्व की पुरानी जीवित प्रजातियों में से एक माना जाता है । वर्ष 2007 के आखिरी में घड़ियालों पर प्राकृतिक आपदा आई और करीब 112 की संख्या में दुर्लभ घड़ियालों की मौत हुई ।

डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि विश्व मगरमच्छ दिवस 17 जून को सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान मगरमच्छ की तरफ आकर्षित करना है। जेआरएफ डॉ. संगीता ने कहा कि मगरमच्छ नदियों के जल को साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। मगरमच्छ सड़ी-गली लाशों को खाकर खत्म करते है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबल प्रताप सिंह, सुशील कुमार , अनुज तिवारी रहे।

## समाज सेवी के निधन पर शोक

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत उझियानी निवासी समाजसेवी एवं भट्टा स्वामी जे एन पांडेय का बीमारी के चलते निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । उनके निधन पर प्रधान बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर ,देवेंद्र कुमार , कुमुद सिंह ,पूर्व प्रधान राजू पांडे ,देवेश तिवारी , अशोक तिवारी ,शिक्षक बलराम तिवारी ,नंदकिशोर पांडेय ने शोक जताया ।

## उद्योग व्यापार मंडल की सभी इकाइयां भंग

**जसवंतनगर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने सभी इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया और 15 दिन के अंदर सभी इकाइयों का पुनर्गठन कराने का निर्देश दिया है।

# आकाशीय बिजली से बालक की गई जान

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व परिवार के लोग।

● बकरियां चराने गया था तभी हुआ हादसा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पिपरैदी में मंगलवार की शाम को बकरियां चराने गए एक बालक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी मिलने पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जानकारी की।

उक्त गांव निवासी नरेंद्र कठेरिया का सात वर्षीय पुत्र देव मंगलवार की शाम को अपने खेतों पर बकरियां चराने के लिए गया था। जब वह बकरियां चरा रहा था तभी अचानक तेज बादल आने के बाद बरसात शुरू हो गई। पानी बरसने के साथ आसमान में तेज बिजली कड़कने लगी। बरसात से बचने के लिए वह खड़ हो गया तभी अचानक बिजली उसके ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। उधर से गो सेवक लाखन सिंह, जो गौशाला की ओर जा रहे थे, उन्होंने देखा और परिजनों को जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बालक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया । हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम कुमार सत्यम जीत के निर्देश पर तहसीलदार दिलीप कुमार, थाना निरीक्षक रामसहाय सिंह, उपनिरीक्षक किशन कुमार, कांस्टेबल, अवनीश कुमार,लेखपाल जहीर खान और अरुण कुमार,अनुराग यादव मौके पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। मृतक बालक अपने माता-पिता के चार बच्चों में दूसरे नंबर का था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 60 घंटे बंद रहेगी कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग

संवाददाता, कंचौसी

- ट्रैक मरम्मत और सड़क निर्माण के लिए लिया गया फैसला
- औरैया व रसूलाबाद जाने के लिए 5 से 10 किमी बढ़ेगी दूरी

**अमृत विचार।** ट्रैक मरम्मत के चलते कंचौसी की पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग 60 घंटे बंद रहेगी। मंगलवार की सुबह 6 बजे से गुरुवार की शाम 6 बजे तक क्रॉसिंग बंद करने का निर्णय लिया गया है। पहले दिन ही वाहन सवारों को परेशान होना पड़ा। सुबह 8 बजे के बाद पटरियों पर स्लीपर का कार्य शुरू किया गया। रेल पथ टीम करीब 500 मीटर ट्रैक दुरुस्त करेगी। इसका असर ट्रेनों की रफ्तार पर भी पड़ा।



रेलवे क्रॉसिंग के पास जेसीबी से कार्य शुरू हो गया। अमृत विचार

कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से वाहन सवार करीब 10 किलोमीटर का चक्कर काटने को मजबूर हुए। रेलवे की ओर सड़क के दोनों तरफ लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क का भी दुरुस्तीकरण कराया जा रहा है, ताकि आए दिन गड्ढे में फंसकर जाम का पर्याय बनने वाले ट्रक आसानी से निकल सकेंगे और रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सकेगी। कंचौसी रेलवे क्रॉसिंग से कानपुर देहात जनपद के रसूलाबाद और औरैया की ओर लोग आते जाते हैं। इस क्रॉसिंग पर बड़े वाहनों का दबाव ज्यादा है।

रेल पथ विभाग की ओर से इस क्रॉसिंग की लाइनों को ज्यादा मजबूती देने का कार्य मंगलवार से शुरू कराया गया है। क्रॉसिंग बंद होने की जानकारी मिलने के बाद वाहन से निकलने वाले लोगों को झींझक, परजनी, बिझाई, दिबियापुर या फिर रानेपुर अंडरपास से गंतव्य की ओर रवाना हुए। यह दूरी तय करने में तीन से 10 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ा।

### काशन देकर निकाली गईं वंदे भारत व एक्सप्रेस ट्रेनें

- मरम्मत की वजह से अप और डाउन लाइनों पर 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन निकाली गईं। इसके लिए दोनों तरफ काशन का बोर्ड लगाया गया है। वंदे भारत, स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस, नीलांचल, कोटा-पटना एक्सप्रेस, नेताजी एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें काशन देकर निकाली गईं।

### तीन दिन चलेगी मरम्मत

- स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया कि क्रॉसिंग के दोनों तरफ सड़क की मरम्मत की जा रही है और ट्रैक का भी दुरुस्तीकरण हो रहा है। यह काम तीन दिन तक चलेगा। इसी लिहाज से तीन दिन के लिए क्रासिंग को बंद किया गया है। इससे रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से मिल सकेगी।

# प्रसव के दौरान जच्चा की मौत, बच्चा स्वस्थ

संवाददाता, अटसू

- मायके वालों ने सूचना देकर पुलिस को गांव बुलाया
- तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला की सैफई में प्रसव के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका बच्चा सुरक्षित है। परिवार के लोग शव लेकर गांव पहुंचे तो मायके वालों ने पुलिस बुला ली। मायके पक्ष के तहरीर देने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।



सरला।

बेरीधनकर गांव निवासी विनय कुमार खेती-किसानी करता है। उसकी इटावा जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के सराय इलाही गांव निवासी रघुवीर की बेटी सरला (26) के साथ 2019 में शादी हुई थी। उसका चार वर्ष का एक बेटा है। विनय की पत्नी सरला को दूसरा प्रसव होना था। विनय ने सुरक्षित प्रसव के लिए उसे सैफई अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को प्रसव के दौरान सरला की मौत हो गई, जबकि बच्चा सुरक्षित है। परिवार के लोग सरिता का शव और बच्चे को लेकर गांव पहुंचे तो मायके वालों ने पुलिस को बुला लिया। प्रभारी निरीक्षक ललित त्रिपाठी और सॉफर चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार को सरला के पिता रघुवीर ने तहरीर देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल ललित त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



फरियादियों की समस्याओं को सुनते एसपी अभिजीत आर. शंकर। अमृत विचार

### पुलिस कप्तान ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने पुलिस कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं को सुना। एसपी ने पीडितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे।



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर.शंकर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा प्रमुख स्कूलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, पार्क आदि पर चेकिंग कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी। साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर - 1090, 1076, 112 और साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया।



पुलिस में चयनित युवाओं को सम्मानित करते समाजसेवी। अमृत विचार

### ट्रेनिंग से पहले रिक्रूट का किया गया सम्मान

**अछल्दा।** स्थानीय क्षेत्र के होनहार 40 युवाओं ने पुलिस सेवा में चयनित होकर अछल्दा गांव क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चयनित अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग शुरू होने से पहले समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें पुष्पगुच्छ देकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। उसके बाद युवाओं से भरी बस लखीमपुर के लिए रवाना हो गई। रविन्द्र कुमार और अमित कुमार ने कहा कि इन युवाओं ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। समारोह के दौरान चयनित युवाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए और कहा कि वे ईमानदारी व निष्ठा से पुलिस की सेवा को प्राथमिकता देंगे। ग्रामीणों व परिजनों में खुशी का माहौल देखा गया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस मौके पर विपिन कुमार, प्रदीप कुमार, सुमित कुमार, शैलेंद्र, सन्दीप कुमार, गौरव आदि लोग मौजूद रहे है।



रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। अमृत विचार

### रंगोली सजाने में बच्चों ने दिखाया हुनर

**औरैया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी व अपर जिलाधिकारी महेन्द्र पाल सिंह के निर्देशानुसार नगर पालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय योगासन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन आयुष विभाग की तरफ से सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विद्यालय व महाविद्यालय से लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम संचालक मास्टर ट्रेनर शशि राज सेठ ने बताया कि चयनित प्रतिभागियों को 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। निर्णायक मंडल में प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. राजेश कटियार, प्रभारी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमर रतन गौतम, कार्यक्रम प्रबंधक गौरव पांडे व जनपद के मास्टर ट्रेनर शशि राज सेठ रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉक्टर कप्तान सिंह पाल, प्रधानाचार्य कमलेश पांडे, सुनील कुमार मिश्रा व सह प्रभारी पूनम पोरवाल ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक नजर

### करंट से किशोरी की हालत खराब, अस्पताल पहुंची

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव काशीपुर में नल में करंट आने से किशोरी झुलस गई। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। सोमवार को शाम 5 बजे काशीपुर निवासी देशराज शंखवार की 17 वर्षीय पुत्री रामबेटी बाथरूम में पानी भरने गई थी। रामबेटी नल से पानी भरते समय नल में करंट उतरते समय किशोरी झुलस गई। किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बेटी को बाथरूम में घायल अवस्था में पड़ा देखा तो आनन-फानन में भाई रामलखन अपने प्राइवेट वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर गौरव कुमार ने उपचार करते हुए सकुशल परिजनों को सुपर्द कर दिया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में भी 30 जून तक रहेगा अवकाश

**औरैया।** अत्यधिक गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में भी 30 जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले बच्चे 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के हैं। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आंगनबाड़ी केंद्रों में 30 जून तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। अवकाश में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार का वितरण, गृह भ्रमण, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर पर गतिविधियों की फीडिंग व लाभार्थियों की ई-केबाईसी, फेस रिकॉगनाइजेशन (एफआरएस) और लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कार्य पूर्व की भाँति सम्पादित किया जायेगा।

### किसान दिवस पर आज होगा गोष्ठी का आयोजन

**औरैया।** उप कृषि निदेशक शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि पूर्व की भांति जून माह के तृतीय बुधवार को शासन के निर्देश के क्रम में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता मे 18 जून को अपरान्ह 12 से दो बजे तक विकास भवन सभागार ककोर में किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा तथा विभागों में संचालित योजनाओं एवं कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी से कृषकों को अवगत कराया जायेगा।

# जल निगम एक्सईएन से डीएम नाराज

## विकास खंड स्तर पर संदर्भों के निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत कम होने से जनपद की रैंकिंग में गिरावट पर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- सीडीओ को जल निगम की समीक्षा करने के निर्देश
- स्थलीय निरीक्षण कर एक्सईएन से मांगी गई आख्या

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ.इंद्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से शासन की ओर से संचालित योजनाओं की प्रगति के साथ आम जनता से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जल निगम के कार्यों में लापरवाही बरते जाने की पुष्टि हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जनपद की रैंकिंग में गिरावट होने पर डीएम ने जल निगम के एक्सईएन पर गहरी नाराजगी जताई।



जूम मीटिंग के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि आज ही सभी संदर्भित शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदार और कार्यदाई संस्था से गुणवत्ता के साथ पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जल निगम के कार्यों की आज शाम प्राप्त संदर्भों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए निस्तारण की प्रगति संतुष्टि प्रतिशत देखें और यदि कार्य में शिथिलता बरती जाती है तो अधिशासी अभियंता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

डीएम ने आईजीआरएस पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में विकासखंड स्तर पर गंभीरतापूर्ण समय से संतुष्टि पूर्ण कार्यवाही न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाते हुए संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में समीक्षा के दौरान कम प्रगति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

### आवारा गोवंशों को पकड़ने के निर्देश

- जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारी सहित संबंधितों को निर्देशित किया कि जहां भी आवारा गोवंश घूम रहे हैं, उनको हर संभव प्रयास कर पकड़वाएं और गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित करें, ताकि आवागमन में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के साथ कृषकों की फसलों को भी नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विकासखंड स्तर पर प्राप्त होने वाले संदर्भों का समयबद्धता के साथ गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें जिससे संतुष्टि प्रतिशत में बढ़ोत्तरी सुनिश्चित हो।

### सड़क किनारे गोबर, बालू डालने पर होगी कार्रवाई

- डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ ही थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि रोड के किनारे गोबर, बालू, कूड़ा आदि एकत्र करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें, ताकि आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को दिबियापुर में हाईटगेज लगवाने और दिबियापुर के अधिशासी अधिकारी व थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि पुल निर्माण के लिए खाली कराई गई भूमि पर किए जा रहे कब्जे पर तत्काल कार्रवाई कर रोक लगाएं।

# बंबा में नहाते समय पांच साल की बच्ची की मौत

संवाददाता, फफूंद

- रात 12 बजे पड़ोसी गांव के पास उतराता मिला शव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बन का पुर्वा गांव में सोमवार की दोपहर एक बच्ची घर से बंबा पर नहाने गई। वापस न आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन बेटी नहीं मिली। देर रात लगभग 12 बजे उसका शव पड़ोसी गांव के पास बंबा में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



वर्षा।

फफूंद थाना क्षेत्र के बन का पुर्वा निवासी बीटू राजपूत की पांच वर्षीय पुत्री वर्षा बिना बताए सोमवार की दोपहर घर से बंबा में नहाने चली गई थी। काफी देर घर नहीं लौटी तो परिजनों ने तलाश करना शुरू किया, लेकिन देर शाम तक वह नहीं मिली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। रात लगभग 12 बजे परवाहा गांव के पास बंबा में बालिका का शव उतराता हुआ ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोग वहां पहुंचे और बच्ची की शिनाख्त की। बच्ची का शव मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## छांव में बैठे बुजुर्ग को लोडर ने मारी टक्कर

**फफूंद।** फफूंद-औरैया मार्ग पर गांव देवरपुर में पेड़ की छांव में बैठे एक बुजुर्ग को लोडर ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

झाबर का पुर्वा निवासी मंगलवार को मथुरा प्रसाद (80) काम से औरैया जाने के लिए दोपहर को घर से निकले। वह फफूंद-औरैया मार्ग पर गांव देवरपुर में औरैया की तरफ रोड़ किनारे पेड़ की छाया मे बैठकर वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी प्रचार वाहन लोडर के चालक ने लापरवाही से बुजुर्ग के टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना होने पर लोडर चालक मौके से वाहन छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया, पुलिस ने लोडर को थाने में खड़ा करा लिया है।

# युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

संवाददाता, अजीतमल

- पिता ने युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट लिखाई
- बेटी के साथ अनहोनी की भी जताई गई आशंका

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जगनपुर में एक युवती का अपहरण हो गया। युवती के पिता ने एक नामजद युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाया है और अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जगनपुर निवासी पीड़ित ने बताया कि उसकी पुत्री का बीते चैदह जून को अमित राजावत पुत्र नामालूम निवासी भदसान ने घर से अपहरण कर लिया। अपहरण करने के दौरान उसने दो छोटे छोटे बच्चों को धमकाया। अमित राजावत मेरी पुत्री को काफी लंबे समय से ब्लैक मेल कर रहा था, जिस कारण से वह मानसिक परेशान रहती थी। पिता का कहना है कि आरोपित बेटी के साथ अप्रिय घटना कर सकता है। वही पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। कोतवाली निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** फफूंद-बाबरपुर मार्ग पर बाइकों में सीधी टक्कर हो गई, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें सैफई रेफर कर दिया गया।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइकें।

मंगलवार सुबह फफूंद बाबरपुर मार्ग पर कस्बे से कुछ ही दूरी पर दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पने लगे। राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घायलों से नाम पता पूछा, लेकिन चेहरे और सिर में आई चोट से वह बेहोशी हालत में थे। ग्रामीणों ने उन्हें बीच रोड से उठाकर सड़क किनारे किया और एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। काफी देर तक एंबुलेंस के नहीं पहुंचने पर पुलिस घायलों को सरकारी वाहन से अस्पताल ले गई।

### जामुन तोड़ने में पेड़ से गिरा युवक, टूट गया पैर

**अछल्दा।** क्षेत्र के गुरुखुर्द के गांव में जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा युवक गिर गया, जिससे उसका पैर टूट गया। सोमवार को हरीगंज बाजार निवासी राहुल सोनी पुत्र भारत सिंह बाइक से आर्टिफिशियल ज्वेलरी की फेरी लगाने गुरुखुर्द गया था। गांव में पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ने लगा। चढ़ते समय वह नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके पैर में चोट आई। लोगों ने युवक को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर गौरव कुमार ने जांच के बाद पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि की। युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**मांगा अधिकार** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर 30 जून तक लाभ देने की उठाई मांग

# शिक्षकों ने मांगा प्रोन्नति वेतनमान का लाभ

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा है। समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश चंद्र यादव ने ज्ञापन में बताया कि मांगों में प्रोन्नत वेतनमान हर हाल में 30 जून तक दिलाए जाने के लिए कार्रवाई की जाए। खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अब तक कितने अध्यापकों के चयनवेतन लगाए गए हैं। वर्ष वार सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा तीन बार पत्र जारी कर मांगी गई, लेकिन आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। यह उनकी शिक्षकों के प्रति लापरवाही प्रदर्शित करती है। मासिक वेतन समय से माह की एक तारीख को हर हाल में दिलाया जाए।



मंगलवार को बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

निलंबित शिक्षकों को तुरंत बहाल किया जाए। जिन शिक्षकों के एक दिन के वेतन रोके गए थे, उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए। लेखा से एरियर का शीघ्र भुगतान कराया जाए। मान्यता प्राप्त संगठनों की प्रत्येक माह बैठक बुलाई जाए। एक जिले से दूसरे जिलों व जिले अंदर पारस्परिक स्थानान्तरण वाले अध्यापकों की मानव संपदा आईडी व सर्विस बुक शीघ्र भिजवाई जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष के अलावा जिला मंत्री अरविंद राजपूत, उपाध्यक्ष ओमेंद्र चैहान, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अछल्दा गिरीश नारायण यादव मौजूद रहे।

# 36 घंटे बाद बहाल हो सकी बिजली आपूर्ति

संवाददाता, कंचौसी

- लो वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे 15 गांवों के लोग

**अमृत विचार।** असेनी पावर हाउस से जुड़े नौगवा फीडर में फाल्ट हो जाने के कारण 36 घंटे तक विद्युत व्यवस्था बाधित रही। 36 घंटे बाद फाल्ट ठीक करने के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी, लेकिन उपभोक्ता लो वोल्टेज की समस्या से परेशान रहे।

बीते शनिवार शाम 4 बजे से फाल्ट और विद्युत पोल टूटने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। आपूर्ति पूरे 36 घंटे से अधिक समय तक बंद रही। विभागीय कर्मचारियों द्वारा सोमवार रात दो बजे के बाद विद्युत पोल लगाए जाने और फाल्ट किए जाने के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। लेकिन लो वोल्टेज होने की वजह से लोगों के मोबाइल भी चार्ज नहीं सके। जिसके कारण इस फीडर से संबधित अमरपुर, सुंदरपुर, रंजीतपुर, पुरवा महिपाल, बट्टहा, नौगवा, कंचैसी, विजई पुरवा, हरतौली, कनमऊ, सहित 15 गांव के लोग लो वोल्टेज से परेशान रहे।

लो वोल्टेज के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जेई बीरेंद्र कुमार ने बताया बीते शनिवार को आई तेज आधी के कारण कई विद्युत पोल टूट गए थे, जिससे समस्या उत्पन्न हुई थी। विद्युत पोल को लगवाकर जगह जगह हुए फाल्ट को दुरस्त किया गया है। लो वोल्टेज की समस्या को ठीक किया जा रहा है। जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से बहाल होगी।

## एक नजर

### ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग की नई योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी निवेश मित्र और यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एक दिवसीय प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।



लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

### बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

# हर जिले में बनेंगे योग पार्क

## जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को दो प्रमुख लक्ष्य बनाये गये हैं। शासन की मंशा है कि, योग सप्ताह के इन आयोजनों से नई पीढ़ी में अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रकृति-प्रेम की भावना को नया बल मिले। इसके अलावा, इन गतिविधियों के जरिए स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थान और सरकारी महकमे योग से सामाजिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ें।

## मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

# विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

## अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं।



लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

## बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है। यह भी आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के आरोपों की पुष्टि कर दी है।

# जेवर एयरपोर्ट का शेष निर्माण समय से करें पूरा

- मुख्य सचिव ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को दी हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर सक्रियता तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा की जाए और निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। इससे पहले मुख्य सचिव ने मंगलवार को जेवर स्थित निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की विस्तृत जानकारी हासिल की।

बैठक के बाद मुख्य सचिव ने एटीसी बिल्डिंग, टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पथवाया नाला एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



निर्माणाधीन जेवर एयरपोर्ट के स्थलीय निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह।

# पिता को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी : हाईकोर्ट

## आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर कोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति कुर्क करने की करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।





### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | | | 2 शे | |
| | | | 3 कु | शे | श | य |
| | 4 उ | | रे | | वी | |
| | ल | | द | | | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | | | कुं |
| | फे | | | | | च |
| 7 वा | र | ना | | 8 नै | ति | क |

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13 .34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

**वृष** – आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**मिथुन** – आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

**कर्क** – आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** – आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

**कन्या** – आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

**तुला** – आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

**वृश्चिक** – आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

**धनु** – आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** – आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** – आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

## आज का पंचांग





दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12 .23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हो।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थी।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त बना दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल महिला की थमीं सांसें

मौदहा। कस्बे के रागौल निवासी अकील अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी रुखसाना 10 जून की सुबह गल्ला मंडी की ओर टहलने जा रही थी, तभी कस्बे की ओर से आई कार ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गई थी। राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां से सदर अस्पताल और फिर कानपुर रेफर कर दिया गया था। मर्सी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में तीन लोग घायल, सीएचसी भेजे गए

कुरारा। क्षेत्र के बचरौली निवासी भुइयादीन कोरी और मैकू श्रीवास बाइक से दोपहर में कस्बा आ रहे थे, तभी रघवा गांव में मोड़ के पास कौशल्या के अचानक सामने आ जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में महिला सहित दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पहाड़ी देव बाबा समिति के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने एंबुलेंस बुला कर तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### पुलिस चौकी के पास खड़ी बाइक ले गए चोर

राठ। कस्बे के आंबेडकर चौराहा स्थित पुलिस चौकी के पास खड़ी एक बाइक चोरों ने पार कर पुलिस को चुनौती दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। चिकासी थाना क्षेत्र के इछौरा निवासी शत्रुघ्न पुत्र चन्नूलाल ने मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे वह आंबेडकर चौराहे के पास पुलिस चौकी के समीप बाइक खड़ी कर सब्जी लेने लगा था, तभी चोर बाइक ले गए।

### कजियाना को हराकर उपरौस ने जीता मैच

मौदहा। कस्बे के उपरौस ग्राउंड में चल रहे रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट में उपरौस ने कजियाना को आसानी से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। कस्बे के उपरौस ग्राउंड में चल रहे अंडर 14 रात्रिकालीन उपरौस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के फाइनल मैच में कजियाना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित आठ ओवर के पांच ओवर खेलकर पूरी टीम मात्र 62 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उपरौस की टीम ने ताबड़ तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र तीन ओवरों में इस बड़े लक्ष्य को हासिल कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले उपरौस टीम के यासीन को मैन आफ द मैच चुना गया। ट्रॉफी जीतने की खुशी में उपरौस टीम ने ग्राउंड में डीजे की धुन पर जमकर नाच कर खुशी का इजहार किया।

# डंपर में भिड़ा ट्रक, चालक की मौत

## कानपुर-सागर हाईवे पर जयपुरिया स्कूल के पास हुआ हादसा, हाईवे किनारे खड़ा था डंपर

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। कानपुर सागर टू-लेन हाईवे पर मंगलवार की सुबह जयपुरिया स्कूल के पास पेट्रोल पंप पर खड़े डंपर से ईंटों से भरा ट्रक टकरा गयया। हादसे में ट्रक की केबिन में चालक और खलासी फंस गए। पुलिस ने केबिन काटकर दोनों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा, जहां चालक को मृत घोषित कर दिया गया। खलासी की हालत गंभीर है।

मंगलवार की सुबह कानपुर-सागर हाईवे पर स्थित जयपुरिया स्कूल के पास पेट्रोल पंप पर एक डंपर खड़ा था। इसी बीच तेज रफ्तार ईंट लदा ट्रक सीधे डंपर में जा टकराया, जिससे ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व खलासी केबिन में फंस गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की नौबत आ गई। मौके पर पहुंची कुछेछा चौकी पुलिस ने क्रेन की मदद से केबिन में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकालकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

ट्रक चालक राजमल (38) पुत्र लालजी सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के गंगापुरवा कदोरा गांव का रहने वाला था। उसके साथ सीतापुर जनपद के ही मानपुर थाना क्षेत्र के ईश्वरीपुरवा निवासी खलासी नागेंद्र पुत्र कौशल गंभीर रूप से घायल है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सदर कोतवाली पुलिस ने चालक के शव का पंचनामा भरकर मर्च्युरी में रखवा दिया है। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना भेजी है।


हादसे के बाद क्रेन बुलाकर ट्रक और डंपर को हटाया गया। अमृत विचार

- सीतापुर जनपद का रहने वाला था ट्रक का ड्राइवर
- गंभीर रूप से घायल खलासी अस्पताल में भर्ती

### टू लेन हाईवे पर डिवाइडर न होने से बढ़ रहे हादसे

टू-लेन कानपुर-सागर हाईवे पर डिवाइडर नहीं होने से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। कानपुर से महोबा के बीच शायद ही ऐसा कोई दिन गुजरता है, जब कोई सड़क हादसा न हो। हादसों में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ रही है। टू लेन हाईवे पर कई बार डिवाइडर बनाने की मांग उठ चुकी है। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने स्तर से डिवाइडर बनवाने के प्रयास किए, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो सका है

### हादसे का शिकार चालक खलासी के शव गांव पहुंचे

कुरारा। क्षेत्र के रिठारी और चकोठी गांव के दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों के शव मंगलवार को गांव आते ही परिवारों में कोहराम मच गया। चकोठी निवासी संतराम (25) पुत्र भोला प्रसाद वर्मा ट्रक चालक था। वह अपने साथ पड़ोसी गांव रिठारी के रवि (30) पुत्र डालचंद को खलासी के रूप में रखे था। 15 जून को महाराष्ट्र के नागपुर हाईवे पर सड़क हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। मंगलवार को दोनों के शव गांव आने पर परिवारों में मातम छा गया। रिठारी के पूर्व प्रधान बालेंद्र कुमार श्रीवास ने बताया कि दोनों 15 दिन पहले गांव आए थे। संतराम के एक बेटा और दो बेटियां हैं।

# प्रताड़ना से परेशान महिला ने दी तहरीर

बिवांर। दहेज में सोने की अंगूठी जंजीर की मांग कर रहे ससुराली नवविवाहिता को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहे हैं। ससुरालियों से आहत महिला ने तहरीर दी है।

मुस्करा क्षेत्र के दामूपुरवा के छन्नू लाल वर्मा ने अपनी पुत्री शीलता की शादी पिछले 16 अप्रैल को थानाक्षेत्र के उमरी गांव के जयकरन के पुत्र कोमल के साथ की थी। ससुराली दहेज के कम मिलने का ताना मारते हुए मायका से सोने की अंगूठी जंजीर के लाने का दबाव बनाने लगे। असमर्थता जताने पर पति कोमल, ससुर जयकरन सास हीरा रानी, जेठ रोहित आए दिन अकारण मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि पति उसे मायके से मिले जेवर व 30 हजार रुपये बैग में भरकर ले जाने लगा। पीछा करने पर उसका गला दबा जान से मारने की कोशिश की। मारपीट में उसके गले में नाखूनों के खरोंच आने से घायल हो गई। पति उसके जेवरात रुपये लेकर बाहर चला गया है। ससुरालियों की प्रताड़ना से आहत महिला ने तहरीर दी है। एसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किसान को घेरकर लाठी व डंडों से किया हमला

संवाददाता, बिवांर

अमृत विचार। खेत से घर आ रहे किसान को रंजिश के चलते तीन युवकों ने पिता के साथ मिलकर रास्ते में लाठी-डंडा से हमला कर घायल कर दिया। किसान ने चारों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है।

थाना क्षेत्र के पाटनपुर गांव निवासी लालू प्रसाद पुत्र रामदास धुरिया ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि खेत में धान की रोपाई कर बाइक पर अपनी भाभी को बैठाकर मंगलवार को 11 बजे वापस घर आ रहा था। पहले से रास्ते में छिपे गांव निवासी अजीत पुत्र अवध नरेश, कुशल व विमल पुत्र राज किशोर, राजकिशोर पुत्र सुखदेव ने पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडा से वारकर दिया है। गंभीर चोट आने व सिर फटने से अचेत हो गया। आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए।

हमले की जानकारी होने पर भतीजा हिमांशु अचेत हालत में एंबुलेंस से उसे मौदहा सीएचसी ले जाकर उपचार कराया। किसान इस घटना से भयभीत है। किसान ने चारों हमलावरों के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल किसान को छानी सीएचसी में ले जाकर डाक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है। एसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच कर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### परिवार के 4 लोगों को पीटा

राठ। चिकासी थाना क्षेत्र के रिहुंटा गांव में मामूली विवाद में दबंगों ने एक ही परिवार के चार लोगों पर हमला कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के रिहुंटा गांव निवासी हरप्रसाद ने बताया कि 10 जून की रात करीब 8:30 बजे वह अपने भाई, पुत्र और मां के साथ पशुबाड़े में जानवरों को चारा-पानी डाल रहा था, तभी पड़ोसी जगमोहन, मनमोहन, दशाराम और जगमोहन की पत्नी मूर्ति ने उसे पर हमला कर दिया। उसके साथ मारपीट होती देख जब उसका पुत्र नरसिंह, मां देवती और भाई उसे बचाने दौड़े तो दबंगों ने उनके साथ भी मारपीट की। थाने में तहरीर दी है।


ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते ब्लाक प्रमुख लालाराम निषाद। अमृत विचार

# संकल्प सभा में बताई गईं सरकारी योजनाएं

संवाददाता, मौदहा

अमृत विचार। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा पूर्वी मंडल ग्राम नायकपुरवा पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया गया।

ब्लाक प्रमुख लालाराम निषाद ने कहा कि मोदी ने अपनी योजनाओं को अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है। इसके लिए उन्होंने सारी योजनाओं को ऑनलाइन प्रक्रिया कर दी गई है। इससे विकास कार्यो की पारदर्शिता बनी रहती है। जिला पंचायत सदस्य विपिन विहारी पांडेय ने कहा कि मोदी सरकार में हमारा देश सुरक्षित ही नहीं विकास की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार में युवाओं को मेक इन इंडिया से जोड़ने के लिए कुटीर उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रधान सुनील कुमार, शैलेंद्र कुमार, श्याम बाबू गुप्ता, पवन कुमार, संजय त्रिपाठी, छोटे यादव, साधू आदि लोग मौजूद रहे।

# गड्ढे खोदने में फट गई पाइप लाइन

बिवांर। कस्बे में इन दिनों पावर कारपोरेशन पेयजल योजना में बिजली पहुंचाने को लाइन डाल रहा है। हाइड्रा से खंभों के लिए गड्ढे खोदने पर पेयजल योजना की पुरानी पाइप लाइन फट गई है। ऐसे में आधे से अधिक गांव को पीने का पानी नहीं मिल सका।

कस्बा बिवांर के पुराना बस स्टॉप में विद्युत विभाग द्वारा पुरानी लाइन के स्थान पर नई लाइन डाली जा रही है। जिसके लिए हाइड्रा से खंभों के लिए गड्ढे किए जा रहे हैं। हाइड्रा से गड्ढे करते समय चालक की लापरवाही से जमीन के नीचे बिछी पेयजल पाइप लाइन गड्ढा करते समय फट गई। पेयजल पाइप लाइन के फटने से आधे से अधिक गांव वासियों को पेयजल नहीं मिल पाया है। मंगलवार की सुबह नमामि गंगे परियोजना पर कार्य कर टीम ने जेसीबी से फटी पेयजल पाइप लाइन को खोदकर सही किया है। जूनियर इंजीनियर आशीष कुमार ने बताया कि पुरानी लाइन फटने के बाद नई पाइप लाइन से इलाके में पेयजल आपूर्ति की गई है। फटी पाइप लाइन को जल्द ही दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

# पति को मारकर गटर में फेंकने की धमकी

संवाददाता, सुमेरपुर

- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई सुरक्षा की गुहार
- 29 अप्रैल को सुमेरपुर की युवती से हुआ था विवाह

अमृत विचार। साहब! मुझे मेरी पत्नी से बचा लीजिए। उसने धमकी दी है कि हंसिए से कटवा कर प्रेमी से गटर में फिंकवा देगी। प्रेमी संग अतरंग फोटो सोशल मीडिया में वायरल कर रही है। अगर समय रहते उसे न्याय नहीं मिला, तो उसकी हत्या हो सकती है।

यह दर्द क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक का है, जिसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर आप बीती सुनाई है। युवक ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी 29 अप्रैल को सुमेरपुर निवासी एक युवती के साथ हुई थी। 13 जून को उसकी पत्नी अपने पिता, मां सहित अन्य रिश्तेदारों के साथ आई और उसके घर पर जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद घर में रखे 25 हजार रुपये नगदी व जेवरात लेकर चले गए। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय उसके परिजन खेत में मूंग की फसल काटने गए थे। पत्नी ने यूपी 112 पुलिस को बुलाकर उसे थाने भिजवा दिया था। आरोप लगाया कि पत्नी ने धमकी दी है कि वह प्रेमी के जरिए हंसिया से काटकर गटर में फेंकवा देगी। उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, पत्नी ने 13 जून को थानाध्यक्ष को तहरीर देकर पति पर खिलाफ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की थी।

### पिता-पुत्रों ने मिलकर पीटा

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया निवासी शैलेन्द्र मिश्रा ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीती शाम वह अपने भाई के साथ घर में बैठा हुआ था तभी गांव के रामनाथ विश्वकर्मा और उसके पुत्र रवि और विमल आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिससे उनके गंभीर चोटें आईं हैं और उनके भाई सुरेंद्र का हाथ टूट गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### सीएससी संचालक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे के पावर हाउस में कॉमन सर्विस सेंटर चलाकर विद्युत बिल जमा करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के घर आने पर घटना का खुलासा होते ही परिवार में कोहराम मच गया। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी निवासी अमर गुप्ता (25) अपने भाई अंकित उर्फ लल्लू के साथ रहता था। मंगलवार सुबह अंकित पत्नी के साथ घाटमपुर कुष्मांडा देवी मंदिर दर्शन को गया। घर पर अमर अकेले था। सूना घर पाकर अमर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई के वापस लौटने पर घटना का पता चल सका। घटना पता चलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक कस्बे में पावर हाउस में कॉमन सर्विस सेंटर चला कर बिल जमा करने का कार्य करता था। अचानक हुई घटना से परिवार सदमे में है। पुलिस आत्महत्या करने के कारणों का पता लगाने में जुटी है।


अमर गुप्ता।

### बहू से परेशान सास ने जहर खाकर दे दी जान

सुमेरपुर। मुंडेरा में एक वृद्धा ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ गटक लिया। इलाज के दौरान उसकी सदर अस्पताल में मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव लौट आए हैं। मुंडेरा निवासी कालका सिंह की मां कुसमा सिंह (65) ने बहू की प्रताड़ना से तंग आकर मंगलवार सुबह जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर पुत्र ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। हल्का इंचार्ज को सदर अस्पताल भेजा गया है।परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं है। बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला घरेलू कलह का है। ग्रामीणों ने दबी जुबान से बताया है कि वृद्धा बहू की प्रताड़ना से तंग थी। मामले की जांच कराई जा रही है।



राहगीरों को शर्बत पिलाते चेयरमैन कुलदीप निषाद। अमृत विचार

### राहगीरों को शर्बत पिलाकर दी गर्मी से राहत

हमीरपुर। नगर पालिका मुख्य गेट एवं बस स्टैंड के विभिन्न व्यापारियों ने भीषण गर्मी को देखते हुए हजारों राहगीरों को शरबत वितरण कर उनके भीषण गर्मी से सूख रहे गले को ठंडा शरबत पिलाकर तर कर दिया। शरबत वितरण का कार्यक्रम सुबह से शाम तक चलता रहा। शरबत वितरण में हुजूम का हुजूम शरबत पीने को उमड़ पड़ा। इसे पीकर भीषण गर्मी में सबने राहत महसूस की। रोडवेज बसों एवं ई रिक्शा में बैठे यात्रियों, बाइक चालकों एवं मुख्य सड़क से गुजरने वाले लोगों को शरबत पिलाया गया। व्यापारियों के शरबत वितरण के कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने किया। इस शरबत वितरण कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र सिंह, रमाकांत तिवारी, नीरज कुमार स्नेहा फोटो कापी एंड कंप्यूटर्स, विनीत सैनी, बद्री प्रसाद निगम, कुमारी खुशबू सहित समस्त व्यापारी उपस्थित रहे।


पंगत पर बैठकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## सुख-शांति की कामना के साथ भंडारा

सुमेरपुर। लीणा नाला किनारे बने शिव मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद भंडारा हुआ। भंडारे में आधा दर्जन गांवों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आषाढ़ मास में क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना के साथ प्राचीन शिव मंदिर में अखंड रामायण के बाद हवन-पूजन के बाद भंडारा हुआ। भंडारे में बिदोखर पुरई, बिदोखर मेदनी, इंगोहटा, अछरेला, बहरेला पाटनपुर, रोहारी आदि गांवों के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बिदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल यादव, कल्लू धुरिया, देशराज, राजेश निर्मल, जय करन सागर, कामता साहू, रामदास, गोपाल प्रजापति, जय किशोर साहू, छोटेलाल प्रजापति ने सहयोग किया। भाजपा नेता जगतराज प्रजापति भी भंडारे में शामिल हुए।

# युवक को पकड़ कर हमला, भर्ती

राठ। कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव में दो दिन पूर्व हुए मामूली विवाद में तीन लोगों ने एक युवक को घर में बंद कर धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के धनौरी गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र नंदराम कुशवाहा ने कोतवाली में घटना की तहरीर देकर बताया कि सोमवार सुबह नौ बजे उसके परिवार के ही भाईलाल, बाबूराम व महिला रामकुंअर ने दो दिन पूर्व हुए मामूली विवाद में उसे सड़क पर पकड़ लिया और उसे घर के अंदर ले जाकर गालीगलौज व मारपीट की। हंसिया से उस हमला कर लहूलुहान कर दिया। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। कार्रवाई की जाएगी।

# निषाद पार्टी की शिकायत को अधिकारियों ने झुठला दिया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जांच के नाम पर अधिकारियों ने ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाया अभियान
- वाहनिषाद पार्टी की ओर से मौरंग के अवैध खनन की शिकायत की गई थी

अमृत विचार। अवैध मौरंग खनन की निषाद पार्टी की ओर से की गई शिकायत जांच में खनिज विभाग ने झुठला दी। अधिकारियों ने आरोपों को निराधार बता दिया। साथ ही ओवर लोडिंग की जांच कर सात वाहनों का ऑनलाइन चालान कर तीन लाख जुर्माना वसूल कर अपनी पीठ थपथपा ली है।

सोशल मीडिया में ग्राम इछौरा जिटकरी के खंड संख्या-25/2 में अवैध खनन की शिकायत निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मूलचंद्र निषाद ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा से की थी। इस पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जांच की। टीम ने मौके पर पहुंच कर तहसील सरीला के ग्राम इछौरा जिटकरी के खण्ड संख्या-25/2 जांच की। जांच के समय सभी सीमा स्तम्भ लगे पाये गये।

खनन क्षेत्र में पीटी जेड कैमरा चालू हालत में मिला। खनन क्षेत्र में वे-ब्रिज/सीसीटीवी लगे पाए गए। ग्राम इछौरा जिटकरी के खंड संख्या-25/2 के पट्टाधारकों द्वारा खनन कार्य अपने स्वीकृत क्षेत्र के अंदर करते पाया गया तथा अधिकारियों को नदी की जलधारा में कोई खनन कार्य नहीं मिला। इसके साथ ही साथ अवैध खनन / परिवहन पर निगरानी कर कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसके अलावा टीम ने 15 से 17 जून के बीच में ओवर लोडिंग की जांच की जिसमें सात ओवरलोड ट्रकों का ऑनलाइन चालान कर 3.18 लाख का जुर्माना वसूल करने का दावा किया है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# दो लोगों पर दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट

मौदहा। ट्रक चालक से रोकड़ गिरने पर मालिक और सहयोगी ने गाली गलौज और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। जिस पर पुलिस ने दोनों पर दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम सायर निवासी सुरेश अनुरागी ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह इंगोहटा निवासी मुजीब अली का ट्रक चलाता है। बीते 13 जून को वह माल लेकर लखनऊ गया था। जिसकी 53000 रोकड़ मिली थी। लेकिन रोकड़ कहीं गिर गई। उसी बात को लेकर कस्बे के पालीवाल पेट्रोल पंप पर मालिक मुजीब और तालिक मिस्त्री पता अज्ञात ने गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया।


अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू पदाधिकारी। अमृत विचार

### भाकियू ने एएसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हमीरपुर। भाकियू (अरा.) ने विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में आमसभा की। इस दौरान उन्होंने 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए तालाबों व नहरों में भरपूर पानी उपलब्ध कराने, खरीफ की बुआई के लिए समय से बीज खाद्य उपलब्ध कराने, भुगैचा व दोहरी के बीच क्षतिग्रस्त पुलिया का नया निर्माण कराने, नमामि गंगे की योजना से सढ़ा गांव में पानी की पूर्ति कराने, मुस्करा के इंगवारी तालाब को शीघ्र कार्य योजना में शामिल कर सुन्दरीकरण कराने सहित छह सूत्री मांग की है। इस दौरान रज्जू कुशवाहा, घासीराम साहू, रामराज, रामपाल कुशवाहा, रामजीवन, बब्बू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 140 अभ्यर्थियों का चयन

सुमेरपुर। युग चेतना महाविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में कुल 140 अभ्यर्थियों को रोजगार मुहैया कराया गया। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार पांडेय ने बताया रोजगार मेले में कुल 162 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में हिस्सा ले रहीं दस कंपनियों ने 140 अभ्यर्थियों का चयन किया। अर्थव फाउंडेशन ने 13, सेंडेक इंडिया ने 12, यस कंस्ट्रक्शन ने 21, फ्रीडम एम्प्लोया बिल्टी एकेडमी ने 13, केजीबीएस ने 17, एयूफेशन एकेडमी ने 14, एडियू ने 7, न्यू जीवन दीप ने 12, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 20, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक ने 11 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। प्रबंधक महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। प्रद्युम्न साहू, आलोक पाल, श्रवण कुमार, वीरेंद्र साहू, रविंद्र प्रताप सिंह, हरिओम, सारिका फातिमा, मोहिनी, मीना आदि मौजूद रहे।

राहत संग आफत

## दिन भर तेज धूप के बाद शाम को मौसम हुआ सुहावना, लाइन में फाल्ट आने से जिला मुख्यालय की बिजली गुल

# बारिश से बदला मौसम का मिजाज, खिल उठे चेहरे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जनपद में मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली। भोर के समय तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल दिखे। शाम होते ही आसमान में घने काले बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। मौसम में इस बदलाव से गर्मी से बेहाल लोगों को बड़ी राहत मिली और ठंडी हवाओं और बादलों की छांव ने मौसम का खुशनुमा हो गया। वहीं बारिश शुरू होते ही जिला मुख्यालय को आई बिजली लाइन में फाल्ट आ गया और पिछले चार घंटों से लोग अंधेरे में हैं।


शहर में दूसरे पहर बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। अमृत विचार

मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रिकार्ड किया गया।जिले में बीते कई दिनों से गर्मी से लोग परेशान थे। गर्मी से राहत पाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे थे, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। मुख्यालय में मंगलवार की शाम चार बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में बादल डेरा जमाए रहे। शाम को हुई बारिश से जगह जगह जलभराव हो गया।

बारिश होते ही जिला मुख्यालय की ओर सुमेरपुर कस्बे से आई 132केवी लाइन में फाल्ट आ गया। जिससे करीब चार घंटे से बिजली गुल है। देखा जा रहा है कि जब भी कभी मौसम बदलता है और हल्की हवा के साथ बारिश हो जाए तो फिर बिजली के लोग तरस जाते हैं। कमोवेश यही हाल मंगलवार को भी देखने को मिला। लोग पीने के पानी को तरस गए। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

वहीं तापमान में गिरावट आई और लोगों को चिलचिलाती धूप से निजात मिली। बाजार में चहल अन्य दिनों की अपेक्षा का काफी कम रही। वहीं सुमेरपुर कस्बे में तेज हवाओं के साथ हुई गर्जना के साथ आसपास के गांवों में झमाझम बारिश हुई इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। किसान इस बारिश को प्री मानसून की बारिश मान रहा है। किसानों का कहना है कि इस बारिश के बाद जुताई का मार्ग प्रशस्त हो गया। किसान अब खरीफ की फसलों की तैयारी में जुट जाएगा।


मुढारी गांव में मंगलवार को घर के बाहर रोती-बिलखतीं महिलाएं। अमृत विचार


तीन शव एक साथ गांव पहुंचने के बाद जुटी भीड़। अमृत विचार

### पोस्टमार्टम के बाद मुढारी गांव शव पहुंचते ही मचा कोहराम, परिवार वालों के साथ हर किसी की आंख डबडबाई

# तीन अर्थियां साथ उठीं तो छलके आंसू

दर्दनाक

संवाददाता, जैतपुर

- ननौरा के पास हादसे में चचेरे भाइयों की हुई थी मौत
- सुबह से ही तीनों घरों के बाहर जुट गई थी खासी भीड़

**अमृत विचार।** ननौरा गांव के पास सोमवार को हुए हादसे में मुढारी गांव के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद एक साथ शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। एक साथ तीन अर्थियां उठने पर हर किसी की आंखों में आंसू छलक पड़े। तीनों युवकों के अंतिम संस्कार में भारी भीड़ जुटी। श्मशान घाट मार्ग पर भीड़ ही भीड़ नजर आई।

सोमवार को ननौरा गांव के पास तेज रफ्तार कार का टायर फटने से बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई थी, जिसमें बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों के साथ कार सवार दो लोगों की मौत हुई थी। मुढारी गांव के तीन चचेरे भाई भरतलाल कुशवाहा, अजय कुशवाहा और संजू उर्फ संजीव कुशवाहा बाइक से ननौरा जा रहे थे, तभी ननौरा गांव के पहले ईको कार और बाइक में जबर्दस्त भिड़ंत हुई थी।

बाइक सवार तीनों चचेरे भाइयों की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की सुबह तीनों शव एक साथ गांव पहुंते तो चीख-पुकार मच गई। हर तरफ कोहराम मच गया, जिससे पूरे गांव में गम पसर गया। करीबी लोग परिवार वालों को ढांढस बंधाने की कोशिश कर रहे थे, जवान बेटों की मौत से हर किसी का बुरा हाल था। गांव में मातम सा छाया रहा। बुजुर्ग लोगों के समझाने के बाद भी परिवार के लोगों के आंसू नहीं थम रहे थे।


अंतिम यात्रा में शामिल हुए गांव के लोग और नाते-रिश्तेदार। अमृत विचार

#### सुबह से ही गांव में जुटने लगे थे करीबी लोग और रिश्तेदार

मंगलवार को सुबह से ही गांव वालों के साथ करीबी और रिश्तेदार जुटने लगे थे। दोपहर तक मैदान खचाखच भर गया। लोग मैदान के साथ गलियों और दूसरे घरों के बरामदों में बैठ गए। हर कोई हादसे पर दर्द बांटने की कोशिश करता रहा। पुरुषों के साथ महिलाओं की भी खासी भीड़ थी। महिलाओं की चीख-पुकार से कोहराम मचा रहा।

#### संजीव की मौत से बुझ गया परिवार का एकलौता चिराग

एक साथ तीन लोगों की सड़क हादसे में मौत होने के बाद परिवार के लोग इस दुख को सहन नहीं कर पा रहे हैं। तीन जवान बेटों की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। हादसे का शिकार हुआ संजीव कुशवाहा अपने माता- पिता का एकलौता बेटा था। उनके घर का तो चिराग ही बुझ गया। संजीव की मौत से मां-बाप के बुढापे का सहारा ही छिन गया है। एकलौते बेटे की मौत से मां बेसुध रही।

## जनपद में 21 जून तक लू चलने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर अहम सुझाव दिए
- दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच कम निकलने की सलाह

**अमृत विचार।** जिले में तपिश और बढते लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने गर्म हवाओं से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। उधर मौसाम विज्ञान विभाग ने भी 18 से 21 जून तक लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुए जनसाधारण को जागरूक करने एवं बचाव के तरीके भी बताए हैं। साथ ही सावधानी बरतते हुए तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने जारी एडवाइजरी में बताया कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। आज कल पड़ रही तेज धूप से अहतियात बरतें। धूप से बचने के लिए गमछा टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।

भीषण गर्मी को देखते हुए घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे। शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जायेगी। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे। रात में खिड़कियां खुली रखें। ठंडे पानी से बार . बार नहाएं।




#### क्या करें क्या न करें

- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफलेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें।


मंगलवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक करते नोडल अधिकारी। अमृत विचार

## नई सड़कें जल्द बनाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जनपद के नोडल अधिकारी ने बैठक में अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा की

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में जिले के नोडल अधिकारी एवं वित्त सचिव शहिद मंजर अब्बास रिजवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रदेश सरकार के नगर विकास नगर विकास शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर की ओर से जनपद भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में नोडल अधिकारी ने गौ संरक्षण, गौशाला, चारागाहों को राजस्व विभाग द्वारा अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा प्लांटेशन और नैपकिन ग्रास लगाने व गोवंशों का टीकाकरण का कार्य किए जाने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को जल्द से जल्द नए रोडो का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। ग्रामीण जलापूर्ति की समीक्षा में पाया कि हर घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, इससे छतिग्रस्त सीसी रोड में रोड का मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कृषि अधिकारी को कृषक गोष्ठी कराने और मोटे अनाज के उत्पादन और उनसे होने वाले लाभ के बारे में किसानों को जागरूक करने एवं योजनाओं का प्रचार प्रसार करानें के लिए निर्देशित किया।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड पर घूम रहे अन्ना जानवरों को गौशाला में पहुंचाया जाए तथा गौशाला में चारा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंडी सचिव को जल्द से जल्द सूपा मंडी शुरू करानें के निर्देश दिए। उन्होने पोली हाउस के फायदे किसानों को बताये जाने और योजनाओं का प्रचार प्रसार कराकर किसानों को लाभ दिया जाने के उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए। कहा कि किसानों को बागबानी के लिए जागरूक किया जाए। कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि खरीफ व रवि फसलों का ज्यादा से ज्यादा प्रचार .प्रसार किया जाए तथा गोष्ठी के माध्यम से किसानों को कृषि के फायदे बताए जाएं। तथा खाद समय पर किसानों को उपलब्ध कराई जाए। दुग्ध विकास अधिकारी को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए समितियों को अमूल दूध कंपनियों से जोड़ा जाए, जिससे दुग्ध समितियां की आय को बढ़ाया जा सके।

उन्होने पट्टा धारकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाए जाने के मत्स्य अधिकारी को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डेस बोर्ड की समीक्षा में उन्होंने सभी सम्बंधित आधिकारिओं को निर्देश दिए कि चल रहे निर्माण कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये तथा सी,डी और ई रैंकिंग वाले विभाग अपनी रैंकिंग में सुधार करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, डीडीओ पंकज यादव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने समस्याएं सुनकर दिए निर्देश

**महोबा।** एसपी कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की भीड़ जुटी। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने एक एक फरियादी की गंभीरता से समस्या को सुना और निराकरण के निर्देश दिए।

एसपी ने जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत, समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये, कराये जाने का आश्वासन दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए हैं।

## तेज बारिश होने से मौसम खुशगवार, गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मौसम बदलते ही सड़कों पर दिखने लगी चहल-पहल

**अमृत विचार।** जिले में एक पखवारे से तेज धूप और तपिश से परेशान लोगों ने मंगलवार की शाम को एक घंटा हुई बारिश से राहत की सांस ली। बारिश के बाद शाम सात बजे रिमझिम फुहारों और ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुश गवार हो गया। लोग घरों से निकल कर सड़कों और बाजारो में दिखाई देने लगे।

मौसम अच्छा होने से चहल पहल बढ जाने के कारण दुकानदारों की अच्छी बिक्री हुई। वहीं नुमाइश में भी आवाजाही तेज हो गई। मंगलवार को सुबह से ही तेज धूप और उमस के चलते लोग सारा दिन पसीना बहाते रहे। गर्मी से लोगों का बुरा हाल रहा। तपिश और तेज धूप से बचने के लिए लोग घरों में कैद रहे। दोपहर के बाद गर्मी पूरे शबाब पर पहुंच गई, लेकिन शाम पांच बजे के बाद आसमान में बादल मंडराने लगे और शाम छह बजे से बारिश शुरू हुई और शाम सात बजे तक जारी रही। इसके बाद रिमझिम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। बारिश रुकने के बाद ठंडी हवाओं का आनंद लेने के लिए लोग परिवार के साथ निकल पड़े। जिससे सन्नाटे में डूबी रहने वाली सड़कें बारिश के बाद लोगों की चहल पहल से गुलजार दिखी। मौसम अच्छा देख लोग परिवार के साथ शाम को घूमते दिखाई दिए। हर तरफ मौसम सुहावना नजर आ रहा था, कोई छतों पर घूमता दिखाई दिख तो कोई पार्कों में मौज मस्ती के लिए निकल पड़ा।

## चारकोल दवा न होने पर डॉक्टर ने पिलवा दिया कोयले का घोल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मरीज की हालत बिगड़ने पर झांसी मेडिकल कालेज कर दिया गया रेफर

**अमृत विचार।** कबरई थाना क्षेत्र के गहरा गांव में पति-पत्नी के बीच पैसों को लेकर हुए विवाद में पति ने पहले फांसी लगाने का प्रयास किया, बाद में जहर खा लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन अस्पताल में चारकोल मेडिसिन न होने पर डाक्टर ने लकड़ी का पिसा कोयले का घोल पीने की सलाह दी। पीड़ित के कोयले का घोल पीने पर हालत बिगड़ गई। डाक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

गहरा निवासी मंगल का अपनी पत्नी से विवाद हो गया, इससे आहत होकर उसने जहर खा लिया। इलाज के लिए इमरजेंसी वार्ड के लिए पहुंचे मंगल को डॉक्टर ने चारकोल मेडिसिन न होने पर कोयले का घोल पिलवा दिया। हालत बिगड़ने पर मंगल के भाई ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की सलाह पर पिसे कोयले का घोल पिलाया था।

उधर डॉक्टर दीपक कुमार का कहना है कि चारकोल दवा उपलब्ध नही थी, उसके स्थान पर कोयले का घोल पिलाया जा सकता है। इससे कोई नुकसान नही है। उधर जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पवन कुमार का कहना है कि कोयले का घोल पिलाने की कोई जानकारी नही है, चारकोल की दबा बाजार में सब जगह मिलती है।

### सार-संक्षेप


बैठक में बोलते मुन्ना खां। अमृत विचार

#### ताजिया मार्गों की सफाई के लिए दिया सुझाव

**महोबा।** खादिमाने हुसैन कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार को समिति के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन की अध्यक्षता में ताजियादारों, अलाव और अखाड़ा संचालकों के साथ शहर के मुहल्ला नियारियनपुरा के इमाम बाड़े में सम्पन्न हुई। बैठक में अकीदत के साथ मोहर्रम मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मोहर्रम से पहले ताजियादार मुन्ना खां ने सुझाव दिया कि ताजियों के मार्ग में जो वाहन खड़े रहते है, उनको मुहर्रम की 09 और 10 तारीख को हटवा दिया जाए। जिससे ताजिया निकालने में व्यवधान पैदा न हो। ताजिएदार शमीम चैधरी ने बताया कि ताजिया मार्ग पर लगे बिजली एंव वाई फाई के तारों को ऊंचा कराया जाए। ताजिएदार इरफान ने बताया कि नगर में टूटी नालियों की मरम्मत एवं मार्गों में सफाई व्यवस्था कराई जाए, जिससे ताजिया जुलूस निकालने के दौरान असुविधा न हो। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 27 जून से 7 जुलाई तक मोहर्रम चलेगा। 10 दिन तक चलने वाले मोहर्रम त्योहार में प्रति दिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। उन्होने बताया कि एक तारीख से अलम निकाले जाते है। इसके बाद ढोल, बुर्राख और अलम जुलूस निकाने जाते है। इसके बाद मोहर्रम की 09 और 10 तारीख को ताजिए निकाले जाते है। बैठक में जाहिद अली, इरशाद अली, अब्दुल हादी, अजमेरी मुखिया, मुबारक, मुजीब अंसारी, आसिफ उल्ला, हमीद, रफत उल्ला शराफत उल्ला, मान भाई, जफर रियाज सिद्दीकी, इस्माईल अंसारी आदि ताजिएदार मौजूद रहे।


अस्पताल में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

#### 150 फीट गहरी खामें में गिरने से मजदूर की मौत

**महोबा।** थाना कबरई के ग्राम पहारा में पहाड़ पर काम करते समय एक श्रमिक का पैर फिसल जाने से वह 150 फिट नीचे गहरी खाई में गिर गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम पहारा निवासी रमेश प्रजापति 40 पुत्र मथुरा प्रजापति पहारा एक पहाड़ में मजदूरी करता था, प्रति दिन की तरह मंगलवार को भी वह मजदूरी करने पहाड़ पर गया था, लेकिन काम करने से पहले ही अचानक पहाड़ पर चढते समय अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह 150 फिट नीचे पहाड़ की चट्टानों से टकराता हुआ जा गिरा। जिससे उसके सिर और शरीर पर काफी चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। श्रमिक की मौत के बाद दूसरे मजदूर बुरी तरह सहम गए और पहाड़ पर काम बंद कर दिया। इस घटना से आस पास के पहाड़ में काम करने वाले मजदूरों में भी दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के परिजन पहाड़ संचालक से आर्थिक सहायता की मांग कर रहे है। मृतक के घर मे गमगीन माहौल बना हुआ है।

#### हर घर जल योजना फ्लॉप, पानी के लिए जूझ रहे लोग

**पनवाड़ी।** भीषण गर्मी के मौसम में कस्बे में पेयजल समस्या दिन प्रति दिन बढती जा रही है। जिससे लोगों का पानी को लेकर बुरा हाल है। लोग सुबह से ही उठकर सारे काम काज छोड़ कर पानी के इंतजाम में जुट जाते है। कस्बे में शुरू की गई हर घर जल योजना फ्लाप हो गई है। यही वजह है कि लोगों को योजना के तहत भरपूर पानी नही मिल पा रहा है। शासन द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत घर घर पानी पहुंचाने के लिए बनी बनाई सड़के खोदकर पानी के लिए पाइप लाईन बिछा दी गई, लेकिन इन पाइप लाइनों से अधिकांश लोगों के घरों में पानी नही पहुंच रहा है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। गौरतलब है कि नमामि गंगे योजना में सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किया। गांव गांव और शहर शहर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई, जगह जगह पानी की टंकियां बनाई गई इसके बाद भी लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। लोगों को पानी न मिलने से हेंडपंपों और कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है।

मुसीबत बढ़ी

### उर्मिल बांध में नाली बनाकर इंटेकवेल तक लाया जा रहा पानी, टैकरों के सहारे लोगों की बुझ रही प्यास, 24 घंटे में महज आधे घंटे जलापूर्ति

# बांध और तालाब सूखने से शहर में गहराया पानी का संकट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बांधों और जलाशयों के जवाब दे देने से जिले में पानी को लेकर मारामारी मचने लगी है। हालात यह है कि सरकार द्वारा चलाई गई, हर घर जल योजना भी लोगों की प्यास नही बुझा पा रही है। कारण, जलस्रोतों का पानी डेड लेवल के नीचे पहुंच गया है। जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। हालांकि जिला प्रशासन ने लोगों की प्यास बुझाने के लिए टैंकरों से पानी की व्यवस्था कर दी है। प्रति दिन शहरों के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी टैंकर भेज कर पानी मुहैया कराया जा रहा है।


उर्मिल बांध से इंटेकवेल तक नाली बनाकर पानी पहुंचाया जा रहा है।


टैंकर पहुंचते ही पानी के लिए मारा-मारी मच जाती है। अमृत विचार

जिले में उर्मिल बांध, कबरई बांध, बेलासागर और मदन सागर सरोवर से पानी की आपूर्ति की जाती है। उर्मिल बांध का पानी डेड लेवल के नीचे पहले की पहुंच चुका है, अब बांध के दूर के हिस्से में भरे पानी को बड़ी नाली बनाकर इंटेकवेल तक लाया जा रहा है। साथ ही पम्पिंगसैट मशीन से पानी खीचकर नाली में डाला जा रहा है। इंटेकवेल के जरिए पानी को फिल्टर प्लांट में भेजा जा रहा है। तमाम जतन करने के बाद भी 24 घंटे में मात्र अधा घंटा पानी की सप्लाई आधे अधूरे शहर में हो पा रही है। शहर के अन्य मुहल्लों नैकानापुरा, नयापुरा नैकाना, बड़ी हाट, शेखूनगर, भटीपुरा आदि में टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है।

कबरई कस्बे में उर्मिल बांध के सूख जाने से पानी को लेकर हाय तौबा मची हुई है। कबरई कस्बे में भी टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। स्थिति यह है कि टैंकर आते ही चंद मिनटों में पानी खत्म हो जाता है, लोग पानी को लेकर खासा परेशान है।

कबरई कस्बे में हर साल गर्मी के दिनों में पानी की विकराल समस्या पैदा हो जाती है। जिससे टैंकरों से पानी भेजा जा रहा है। जो सभी मुहल्लों तक नही पहुंच पा रहे है। पानी की बढती किल्लत को देखते हुए कुछ समाज सेवियों ने भी पुन्य कमाने के लिए अपाने स्तर से टैंकर चलाकर पानी भिजवाना शुरू करा दिया है। कस्बा बेलाताल में बेलासागर सरोवर से पानी की आपूर्ति की जाती है। यहां पर भी बेलासागर में पानी कम हो जाने के कारण 48 घंटे में एक बार पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# तीस जून तक कैसे बुझेगी हर गांव-मजरे की प्यास

## जल जीवन मिशन का हाल ज्यादातर जगहों पर बद से बदतर, कई बार बढ़ चुका है कार्य समापन का समय

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी हर बैठक में चाहे जितने निर्देश दें, बैठकों में सांसद चाहे अधिकारियों को जितनी चेतावनी दें पर वास्तविकता यह है कि जिले में जल जीवन मिशन का हाल बद से बदतर है। ग्रामीणों की मानें तो ज्यादातर गांव-मजरों में खानापूरी के अलावा कुछ नहीं किया गया।

मानिकपुर में हालात अच्छे नहीं हैं। यह जिले का सबसे पिछड़ा इलाका है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के धरातल में उतरने से पहले ही भारी अनियमितताओं के आरोप लगने लगे हैं। निजी कंपनियों ने जिन पेटी कॉन्ट्रेक्टर्स के दम पर करोड़ों के प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने का दमखम दिखाया वह पहले से धड़ाम हो गया। मानिकपुर क्षेत्र में रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत कुल नियोजित गांवों की संख्या पर गौर करें तो आंकड़ा 80 पहुंचता है। इसके मजरों और पुरवों को जोड़ लें तो संख्या 409 हो जाती है। जानकारी के मुताबिक इस योजना की स्वीकृति जल जीवन मिशन के तहत सन 2020 - 2021 में हुई। हर बार कार्ययोजना की तिथि बढ़ते बढ़ते संभावित समापन तिथि 31 मई 2025 तय की गई। लेकिन अभी भी न तो काम पूरा हुआ है और न हर घर जल ही पहुंचा है। आधिकारिक आंकड़ों में भले ही योजना की भौतिक प्रगति 91 प्रतिशत हो गई हो लेकिन गांव वाले कहते हैं कि धरातलीय सच्चाई ठीक इसके उलट है।

गौरतलब है कि बीते दिनों जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की, जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया था कि रैपुरा ग्राम पेयजल योजना के अंतर्गत कुल 321 मजरों के सापेक्ष 179 मजरों में जलापूर्ति चालू हो गई है, शेष 258 मजरों में नियमित जलापूर्ति चालू करने के लिए काम चल रहा है।

इसमें जिलाधिकारी ने 30 जून तक सभी गांवों में जलापूर्ति करने के निर्देश भी दिए। दिशा की बैठक में सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने भी कामों को धरातल पर करने को निर्देशित किया। देखना यह होगा कि इस सख्ती का कुछ असर होता है या नहीं। अब बस यही देखना है कि क्या अब समय पर काम पूरा होगा।








जल जीवन की हकीकत बताता बिन टोटी और बिना पानी का नल। मारकुंडी में इस तरह पड़ा है पाइप। किहुनिया में पानी की निर्माणाधीन टंकी।



अब भी गांव-मजरों में दिख जाते हैं ऐसे दृश्य। अमृत विचार

### करोड़ों की योजना का हुआ बंटाधार

- जानकारी के मुताबिक, रैपुरा योजना की अनुमानित लागत 30332 लाख रुपये तय की गई जिसमें कुल 22158 .51 लाख खर्च हो चुके। इतनी भारी भरकम धनराशि में केंद्रीय व्यय 11911 लाख रुपये तो वहीं राज्य व्यय 9379 .44 लाख रुपये हो चुका है। सरकार का लक्ष्य था कि 2024 तक हर घर जल उपलब्ध करवा दिया जाए लेकिन कंपनियों के उदासीनता और कुछ हद तक भ्रष्टाचार के चलते न तो काम पूरा हुआ और न तय समय पर लक्ष्य की प्राप्ति ही हो सकी। रैपुरा योजना के अंतर्गत 80 नियोजित गांवों में कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन अर्थात एफएचटीसी कुल 24861 लोगों को दी गई। इसमें 60 स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल हैं।

### भीषण गर्मी में छाया पानी का संकट

- मानिकपुर ब्लॉक के इंटवा डुडैला, ऊंचाडीह, रैपुरा, हनुआ, निही, छेरिहा, खुर्द, भौंरी, ब्यूर, बगरेही, खरौंध, सेमरदहा, मड़ैयन, ददरीमाफी, कैलहा, बसिला, देवकली, सकरौंहा, रानीपुर, कल्याणगढ, रामपुर, कल्याणगढ़, अमचूर नेरुआ, करौहा, टिकरिया, डोंडामाफी, उड़की माफी, मगरहाई, बसिला, कुई आदि ग्राम पंचायतों में जल संकट है। गांववाले आरोप लगाते हैं कि इन गावों ने जल जीवन मिशन योजना का पानी भी नहीं पहुंचा है।

### सूचना बोर्ड दे रहे लापरवाही की बानगी

- अगरहुंडा सहित मानिकपुर के छह जगहों में लगे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले लगे सूचना पट्ट इस योजना के फेल होने की गवाही दे रहे हैं। सूचना बोर्ड की बात माने तो इस योजना की लागत 215 .23 करोड़ है जिसका आरंभ 26/09/2020 को हुआ था। नोडल विभाग जल निगम चित्रकूट तो वहीं कार्य पूर्ण करने की तिथि 25/09/2022 अंकित है। कुल लाभान्वित गांवों की संख्या 58 ग्राम पंचायत/ 84 राजस्व ग्राम के 1.79 लाख लोगों को इस योजना का लाभ देना था। रैपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना अंतर्गत 730 किलोमीटर पाइप बिछाने का काम था। अगरहुंडा में दूसरे बोर्ड में कार्य समाप्त की तिथि 31/11/2023 लिख दी गई। अगरहुंडा में दो, गढ़ी कला में एक, रैपुरा में दो और सरहट में एक जगह पर उक्त सूचना बोर्ड लगाए गए।

### ..और जिम्मेदारों का नहीं उठता फोन

- जल जीवन मिशन के जिम्मेदार भी जवाब देने से कतरा रहे हैं। जब एडीएम नमामि गंगे स्वनिल यादव को फोन लगाया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वहीं जल जीवन मिशन के नोडल अधिकारी आशीष कुमार भारती से जब इस संबंध में बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

# पात्रों को ही मिले सामूहिक विवाह योजना का लाभ

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- सीडीओ ने तैयारियों की समीक्षा में दिए निर्देश

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि इस बात का ध्यान रखें कि योजना का लाभ पात्रों को ही मिले।

सीडीओ ने खंड विकास अधिकारियों तथा अधिशासी अधिकारियों से कहा कि सामूहिक विवाह योजना के तहत इस साल जिले को 324 विवाह कराने का लक्ष्य मिला है।

प्रत्येक विकासखंड, नगर पालिका व नगर पंचायतों को भी लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य से अधिक गंरीब कन्याओं का विवाह संपन्न कराना है। इसकी अभी से ही तैयारी करें। आवेदन पत्रों की जांच ठीक से कराएं, कोई अपात्र न शामिल होने पाए। आवेदन पत्र ऑनलाइन भरे जाएंगे। नवंबर, दिसंबर में विवाह संपन्न कराने का मुहूर्त होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी ने योजना के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि इस वर्ष वैवाहिक जोड़ो के लिए सामग्री ज्यादा है, इसकी व्यवस्था की तैयारी अभी से करें।

बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम पूजा साहू, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, बीडीओ पहाड़ी संजय कुमार पांडेय, रामनगर महिमा विद्यार्थी, मऊ ओम प्रकाश यादव, मानिकपुर पवन सिंह, ईओ मानिकपुर भारत सिं



सामूहिक विकास योजना की तैयारियों की समीक्षा करतीं सीडीओ अमृतपाल कौर।

# रात में गायब महिला का शव गुमटी के पावे से बंधा मिला

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियारी कला गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक लगभग 40 वर्षीया महिला का शव संदिग्ध हालात में मिला। मृतका की पहचान रंची देवी के रूप में हुई है, जिसका शव उसके घर के पास ही एक गुमटी के पावे में दुपट्टे से बंधा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद एवं थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतका की बेटी ब्रजरानी ने बताया कि मां बीती रात लगभग नौ बजे घर से निकली थी। रात में जब वह नहीं आई तो आसपास खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह पास के ही एक व्यक्ति ने आकर बताया कि उसकी मां का शव पड़ा है। परिजनों ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह का खुलासा हो सकेगा। ग्रामीणों के अनुसार रंची देवी का व्यवहार सामान्य था और किसी प्रकार की कोई घरेलू कलह या विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। सीओ ने बताया कि हर बिंदु पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के पति रामनरेश की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते मऊ सीओ यामीन अहमद।

- सीओ ने कहा, पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगी सही वजह

# कायस्थ परिवार की बच्ची की हत्या पर जताया रोष

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से जल्द न्याय की मांग

**अमृत विचार।** बस्ती जिले में जमीन के विवाद में कायस्थ परिवार पर हमला और तेरह वर्षीय बच्ची की चाकुओं से गोदकर हत्या किये जाने से जिले के कायस्थों में भारी रोष व्याप्त है। कायस्थ समाज के जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार को न्याय और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए वहां के डीएम को पत्र लिखा है।

मंगलवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक चित्रगुप्त मंदिर में की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बस्ती जनपद के पैकोलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जीतीपुर (लालापुरवा) में कायस्थ परिवार पर हमला कर बच्ची सृद्धी श्रीवास्तव की चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई। जिलाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने डीएम को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि कायस्थ समाज के अतुल श्रीवास्तव एवं उनके परिवार पर हमले और बच्ची की हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। महामंत्री एवम् पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कायस्थ समाज सेवा संस्थान एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा चित्रकूट की ओर इस घटना की घोर निंदा करते हुए मांग की कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हो। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा निगम ने कहा कि पीड़ित परिवार को आर्थिक एवं मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। युवा इकाई अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव ने ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी करने को कहा।

# अनुसूचित जाति के लोगों को पानी नहीं लेने देते दबंग : मीरा

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बड़ी मड़ैयन के मजरे छोटी मड़ैयन में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य और सरदार सेना की बुंदेलखंड प्रभारी मीरा भारती की अगुवाई में ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल यादव को ज्ञापन सौंपकर समस्या के जल्द निराकरण की मांग की। इनका कहना था कि लोग अनुसूचित जाति के लोगों को हैंडपंपों से पानी नहीं भरने देते।

जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विकास खंड मानिकपुर के मजरे छोटी मड़ैयन की अनुसूचित बस्ती में हैंडपंप चालू स्थिति में नहीं हैं। सामान्य वर्ग की बस्ती में हैंडपंपों से उन लोगों को पानी नहीं भरने दिया जाता। अगर किसी तरह से पानी लिया तो ये लोग गाली देते हैं। इस संबंध में प्रधान से भी कई बार कहा गया पर कोई सुनवाई नहीं की। जिपंस मीरा भारती ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सरदार सेना सत्याग्रह आंदोलन करेगी। एडीएम नमामि गंगे ने आश्वस्त किया कि तत्काल प्रभाव से समस्या से निजात दिलाई जाएगी। ज्ञापन में मीरा भारती, रोहित सिंह पटेल, रानी, रामसमारी, गीता, पूजा, प्रेमचंद्र, शत्रुघ्न, महेश, छोटेलाल, मोहनलाल, पंकज कुमार, मीनू कुमार, अंजन, बलवंत, अर्जुन, रामखेलावन आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।



एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल यादव को ज्ञापन सौंपतीं जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, समाजसेवी रोहित सिंह और ग्रामीण। अमृत विचार

- मजरे में पेयजल संकट पर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# पत्रकार समिति के कार्यालय से हुई चोरी

संवाददाता,राजापुर (चित्रकूट)

- पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर चोरों का जल्द से जल्द पता लगाने को कहा

**अमृत विचार।** थाने के पास पत्रकार समाज कल्याण समिति के कार्यालय में सोमवार देर रात चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर हजारों रुपये पार कर दिए।

कार्यालय की देखरेख करने वाले संगठन मंत्री वरिष्ठ पत्रकार गणेश शुक्ला ने बताया कि जब वह मंगलवार की सुबह कार्यालय पहुंचे तो दरवाजा टूटा देखा। आशंका है कि कि चोर पीछे से छत के रास्ते अंदर घुसे। उन्होंने थाने में तहरीर दी है। जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई कराने और चोरों का जल्द पता लगाने को कहा है। उन्होंने कहा कि जब चोर पत्रकारों को नहीं बख्श रहे हैं तो आम आदी का क्या होगा।

# जदयू ने कानून व्यवस्था पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता ,चित्रकूट

- जदयू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह ने की मुलाकात

**अमृत विचार।** जनता दल यूनाइटेड, की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने मंगलवार को डाक बंगले में ग्राम पिपरौंध (थाना मऊ) निवासी स्व. रामशिरोमणि सिंह के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की।

उन्होंने मृतक की पत्नी, बेटी और बेटे को आश्वस्त किया कि जद यू उनकी न्याय की लड़ाई में हर स्तर पर साथ खड़ा रहेगा और दोषियों को सजा दिलाने के लिए दबाव बनाया जाएगा। बताया कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर नामजद चार आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जो न केवल पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करता है, बल्कि कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी खड़े करता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आए दिन हो रही हत्याएं, बलात्कार, लूट और दलित-वंचित समाज पर हमले इस बात का संकेत हैं कि राज्य की कानून व्यवस्था पूर्णतः विफल हो चुकी है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं ।



मृतक के परिजनों को ढांढस बंधातीं जद यू की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल।

# विदोखर मेंदनी प्रधान पर गंभीर आरोप

**हमीरपुर।** ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर सरकारी जमीनों में स्वयं व अपने चहेतों को अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा है। जिसमे उसने प्रकरण की जाँच कराकर प्रधान के खिलाफ कार्यवाही करने सहित सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

सुमेरपुर विकासखंड के ग्राम विदोखर मेदनी निवासी अभिषेक कुमार और श्याम तिवारी ने दिए ज्ञापन में आरोप लगाते हुए बताया कि उनके गांव के प्रधान लालाराम यादव ने ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 890 में अवैध कब्जा कर निजी मकान का निर्माण कर लिया है।साथ ही ग्राम समाज की भूमि को लेखपाल के सहयोग से बेंच दी है। शेष बची भूमि पर अपने चहेतों को कब्जा करवा कर निर्माण करवा रहा है। बताया कि इस बावत उन्होंने पहले भी शिकायत की थी।

पहल

पारंपरिक वेशभूषा कुर्ता धोती में दिखे शिक्षक व कर्मचारी, संस्कृत विद्यालय में प्रवेश के लिए निकाली जागरूकता रैली

# संस्कृत भाषा का जानकार भूखा कदापि नहीं रहेगा

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** संकट मोचन संस्कृत स्नातकोत्तर विद्यालय छीबों के शिक्षकों व कर्मचारियों ने मंगलवार को प्रबंधक के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली। इन्होंने बताया कि इसके पीछे संस्कार देने वाली वैदिक शिक्षा संस्कृत भाषा के प्रति अभिभावकों को जागरूक करना और बच्चों को संस्कृत विद्यालयों में प्रवेश के लिए उत्साहित करना है।

रैली की अगुवाई करते हुए प्रबंधक संतोष पांडेय और प्राचार्य भानु प्रकाश गर्ग ने बताया कि अधिक से अधिक बच्चों को देववाणी एवं संस्कार सिखाने वाली भाषा संस्कृत का भी गूढ़ अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अभिभावक भी सजग हों और वेदों की ओर लौटें तभी सनातन संस्कृति और संस्कार जीवित रहेंगे अन्यथा इनका लोप सुनिश्चित है। प्रबंधक ने बताया कि महाविद्यालय में संस्कृत भाषा पढ़ने के इच्छुक सभी छात्र प्रवेश कर सकते हैं। इस रैली का असल उद्देश्य भी यही है कि देववाणी संस्कृत भाषा को भी शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित छात्रों को जोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विविधता भले है लेकिन अन्य भाषा का जानकार छात्र का भविष्य संदेह में हो सकता है पर संस्कृत भाषा का जानकार एक तो प्रकांड विद्वान होगा दूसरा रोजगार परक नौकरी भले हासिल न पाए पर संस्कृत भाषा उसे भूखा कदापि नहीं रखेगी। यह इस भाषा की प्रधानता है। रैली में शिक्षक शिव बाबू पयासी, कर्मचारी अरुण आदि मौजूद रहे।




रैली निकालते संस्कृत विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने किया रैली का स्वागत

- यह रैली जैसे ही गांवों की गलियों से गुजरी, ग्रामीणों ने अपने-अपने दरवाजों पर आकर आदर भाव से शिक्षकों का उत्साहवर्धन कर सम्मान किया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए महा विद्यालय परिवार का आभार प्रकट किया। शिक्षकों का अल्पाहार से स्वागत कर सामाजिक सद्भावना का परिचय भी दिया।

# शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार ।** बृज कुँवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में मंगलवार को नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एडमिन ब्लॉक का उद्घाटन विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष महामंत्री चंपत राय ने मुख्य अतिथि के रूप में विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिये, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझना और उन्हें निभाना होना चाहिये। उन्होंने स्कूल द्वारा बालकों को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के प्रयासों की सराहना की और विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं। प्रबंधक अजय कुमार इटोरिया ने बताया कि यह नया प्रशासनिक भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में गति और पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद, जिला महामंत्री तेजस सहित अरविंद गुप्ता नगर अध्यक्ष राघवेन्द्र परिहार, राजेश निगोतिया राजेश चन्द्र प्रवीण गुप्ता, रवि इटोदिया, उप निदेशक सुविधा इटोरिया , राजेश सिंह ,उप प्रधानाचार्य आशीष तिवारी डा अनुज भदौरिया पुरुषोत्तम पुरवार शिव शर्मा गोविंद के के गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित रहा।



प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करते विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष चंपत राय व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 81,583 .30 | 24,853 .40 |
| गिरावट | 212 .85 | 93 .10 |
| प्रतिशत में | 0 .26 | 0 .37 |

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15 .81% घटकर 226 .34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260 .81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68 .83 करोड़ डॉलर (22,414 .02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35 .49% घटकर 94 .97 करोड़ डॉलर (8,089 .81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47 .20 करोड़ डॉलर (12,272 .03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12 .03 करोड़ डॉलर (1,003 .06 करोड़) से 32 .76% घटकर 8 .09 करोड़ डॉलर (689 .71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17 .24% बढ़कर 99 .75 करोड़ डॉलर (8,482 .61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे– ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय–समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

## प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक 2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

## सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

## संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### एक नजर

#### कंचन की हत्या को अकाल तख्त के ग्रंथी ने ठहराया सही

**अमृतसर।** अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी की हत्या को उचित ठहराते हुए कहा कि कुछ भी गलत नहीं हुआ है और किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए। कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर कंचन को कथित तौर पर उसके वीडियो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के लिए निशाना बनाया गया था। नौ जून को उसकी हत्या कर दी गई और शव बठिंडा में लावारिस कार में मिला। सिख धर्म की सर्वोच्च पीठ अकाल तख्त के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी मलकीत सिंह ने कहा, सिख धर्म के अनुसार, किसी को भी अश्लील गाने नहीं सुनने चाहिए, खासकर युवा सिख पीढ़ी को।

#### दुष्कर्म के आरोपी एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शादी का वादा कर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टर को जमानत दे दी और कहा कि प्रथमदृष्टया पता चलता है कि आरोपी और महिला सहमति से सहजीवन साथी थे। न्यायमूर्ति शैलेंद्र कौर ने कहा कि महिला ने अन्य लोगों के खिलाफ भी इसी तरह के अपराधों के लिए प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा जबरन वसूली सहित कुछ मामले भी उसके खिलाफ दर्ज किए गए।

#### रॉबर्ट वाड्रा फिर ईडी के सामने नहीं हुए पेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन निवासी हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष अपनी तय गवाही के लिए पेश नहीं हुए। वाड्रा के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल बेटी के स्नातक समारोह के लिए विदेश यात्रा पर हैं।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत





गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।



## देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेंसी

## पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

## 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

## उपमुख्यमंत्री के भाई सुरेश को धोखाधड़ी में समन जारी

**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के छोटे भाई और कांग्रेस नेता डीके सुरेश को स्थानीय महिला के खिलाफ धन शोधन की जांच से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए समन भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि पूर्व सांसद सुरेश को 19 जून को पेश होने और धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

संघीय जांच एजेंसी ने स्थानीय महिला ऐश्वर्या गौड़ा (33) और कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी के खिलाफ छापे मारने के बाद अप्रैल में महिला को गिरफ्तार किया था। ईडी ने तब कहा था कि महिला ने कई नेताओं से निकटता का दावा किया और लोगों को सोने, नकदी तथा बैंक में जमा राशि पर उच्च रिटर्न का वादा कर उनसे धोखाधड़ी की।

# दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया गया था। आईएमडी ने मध्यम स्तर के आंधी-तूफान की चेतावनी देते हुए जनता के लिए सुरक्षा परामर्श भी जारी किए।

मौसम विभाग के अनुसार, आकाशीय बिजली गिरने से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित



हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। इसमें कहा गया कि लोगों को घरों के भीतर रहने और अनावश्यक रूप से यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। करंट से बचने के लिए बिजली से चलने वाले उपकरण भी बंद रखने की सलाह दी गयी है। लोगों को पेड़ या धातु से बनी संरचनाओं के नीचे शरण लेने और बिजली गिरने के दौरान बाहर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से आगाह किया गया है।

आईएमडी ने लोगों को उसकी वेबसाइट के जरिए और पुष्ट मीडिया माध्यमों के जरिए आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 29 डिग्री रहा जो मौसम के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता सुबह साढ़े 8 बजे 71 फीसदी रही। आईएमडी के अनुसार, अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम से 12 उड़ानों का मार्ग बदला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण अपराह्न तीन से चार बजे के बीच 12 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन किया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़नों का परिचालन प्रभावित हो रहा है और कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड' (डीआईएएल) द्वारा संचालित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और वर्तमान में इसके तीन रनवे चालू हैं, जबकि एक रनवे सुधार कार्य के लिए बंद है।

## अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

श्रीनगर, एजेंसी

- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश के बाद जम्मू कश्मीर के गृह विभाग ने लिया निर्णय

जम्मू कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन (उड़ान निषिद्ध क्षेत्र) घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग - पारंपरिक पहलगाम मार्ग और बालटाल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर जम्मू कश्मीर के गृह विभाग से जारी घोषणा में कहा गया कि इस क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक मानवरहित हवाई यान (यूएवी), ड्रोन, गुब्बारे समेत किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है। यह पाबंदी मरीजों को विमान से ले जाने, आपदा प्रबंधन और सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी उड़ानों पर लागू नहीं होगी। 3 जुलाई से शुरू अमरनाथ यात्रा के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न सुरक्षा बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सलाह दी है कि यात्रा के पूरे मार्ग को 1 जुलाई से 10 अगस्त तक 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाए।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।


नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

लीड्स : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

लंदन : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे


● दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा

**लंदन** : भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। पच्चीस साल के गिल के नेतृत्व में टीम इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने ' स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट ' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा गिल को ड्रेसिंग रूम (टीम के अन्य सदस्य) में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला में जीत दर्ज की थी। गिल के सामने पहली बार कप्तान के तौर पर उस उपलब्धि को दोहराने की चुनौती है। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है। मैं भारत के नजरिये से यही एकमात्र साकारात्मक पहलू देख रहा हूं। इंग्लैंड की बल्लेबाजी भारत पर दबाव बनाएगी, लेकिन गेंदबाजी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर इंग्लैंड को काम करना है और यह भारत के लिए फायदेमंद हो सकता है। कार्तिक का मानना है कि कोच के तौर पर गौतम गंभीर की रणनीति बेहतरीन है लेकिन उन्हें अपने आक्रामक रवैये को और निखारने की जरूरत है। कार्तिक ने गंभीर के साथ भारतीय ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनकी कप्तानी में केकेआर के लिए खेला भी है।

## कप्तानी नहीं करने के बारे में पहले ही बता दिया था: बुमराह

**लीड्स** : दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से पांच मैचों की इस श्रृंखला को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने हमेशा मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा। फिर इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मुझे थोड़ा होशियार होना होगा। इसलिए मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।

### एक नजर

#### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन** : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

#### ब्रिटेन के वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी से हारे टियाफो

**लंदन** : ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड डैन इवांस ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांसेस टियाफो को 7-5, 6-2 से हराकर 2021 के बाद से क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 199वें नंबर के खिलाड़ी इवांस ने कहा मुझे अब भी विश्वास है कि मेरे अंदर काफी टेनिस बची हुई है। मुझे अब भी विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन इस पर विश्वास करना और ऐसा होना दोनों अलग चीज हैं। पहले दौर में जीत दर्ज करने वाले अन्य खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त होल्गर रूण और आठवीं वरीयता प्राप्त जैकब मेन्सिक शामिल थे। चेक गणराज्य के 19 वर्षीय खिलाड़ी मेन्सिक ने कैमरन नोरी को 7-6(6), 1-6, 6-1 से हराया। मेन्सिक का अगला मुकाबला स्पेन के रॉबर्टो बातिस्ता अगुट से होगा, जिन्होंने पुर्तगाल के नूनो बोर्गेस को तीन सेटों में पराजित किया। रूण का मुकाबला अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा, जिन्होंने फ्रांस के गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-4 से हराया।

#### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर** : भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

## आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

● छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना
● भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम नीदरलैंड से हारी

**उट्रेच (नीदरलैंड)** : भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने नियमित समय में गोलरहित ड्रॉ के बाद मेजबान नीदरलैंड से शूटआउट में 2-3 की हार के साथ यूरोप के अपने दौरे का समापन किया।

इस हार के बावजूद भारतीय जूनियर टीम के लिए यह दौरा काफी सफल रहा। लगातार चार जीत के साथ इस मैच में उतरी भारतीय टीम ने नीदरलैंड की मजबूत टीम के खिलाफ धैर्य और जज्बे का परिचय दिया। मैच के चारों क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई मौके बनाये लेकिन रक्षापंक्ति और गोलकीपरों के शानदार खेल से कोई भी टीम ऐसा करने सफल नहीं रही।

### तैयारी


मुंबई में ग्लोबल टेनिस क्रिकेट लीग के शुभारंभ के दौरान पूर्व क्रिकेटर इकबाल अब्दुल्ला और पीयूष चावला। ● एजेंसी

## स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन** : एरिना सबालेंका ने कहा कि उन्होंने कोको गॉफ को पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी से हारने के बाद की गई 'गैर पेशेवर' टिप्पणियों के लिए माफी मांगी है।

यूरोस्पोर्ट जर्मनी से बात करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने कहा कि इस महीने रोलां गैरो पर उनके खिलाफ गॉफ की 6-7, 6-2, 6-4 की जीत के बाद उनकी टिप्पणी एक गलती थी। पेरिस में मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में सबालेंका ने सुझाव दिया था कि यह परिणाम गॉफ के प्रदर्शन की तुलना में उनकी अपनी गलतियों के कारण अधिक था। सबालेंका ने कहा यह मेरे लिए पूरी तरह से गैर पेशेवर था।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**



नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### साक्षात्कार


खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

● खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है।'' उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**


न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, ''मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608.68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

# अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव
# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।

### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।





### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**अमेरिका की नई आव्रजन नीति ने वैश्विक स्तर पर कई बदलावों को जन्म दिया है, जिनका भारत पर विशेष प्रभाव पड़ा है। एक ओर यह नीति अमेरिका के लिए कुछ लाभकारी हो सकती है लेकिन भारत को इससे कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।**

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### दक्षिण अफ्रीका में बस-ट्रक की टक्कर में 12 मरे

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में व्रीहीड के पास सोमवार को एक बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और दस घायल हो गए। क्वाजुलु-नताल प्रांतीय सरकार के अधिकारी सिबोनिसो डूमा ने बताया कि दुर्घटना सोमवार आधी रात के आसपास हुई। दस लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दस अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को पास के अस्पतालों में ले दाखिल कराया गया है। बाद में दो और घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफ़ान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में भारी दहशत का माहौल

बेरूत, एजेंसी

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने मंगलवार को कहा कि उसका मानना है कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। यह पहली बार है जब संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है जो नतांज में भूमिगत संवर्धन हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव का संकेत देते हैं।

### ईरान ने इजराइल में अब तक 700 ड्रोन हमले किए

**तेहरान।** ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3 की शुरुआत के बाद से ईरान ने इजरायल पर 700 से ज्यादा जवाबी ड्रोन हमले किए हैं। ईरान की फ़ार्स समाचार एजेंसी की मंगलवार को एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजराइल के खिलाफ मिसाइल हमला शुरू किया है। इजराइल ने कहा कि ईरानी हमलों में 20 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और 600 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं, ईरान ने कहा कि इजराइल के हमलों में उसके 220 से अधिक लोग मारे गये तथा 1,200 से अधिक घायल हुए हैं।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### इजराइल का अस्पताल पर हमला युद्ध अपराधः ईरान

**तेहरान।** ईरान ने केरमानशाह स्थित फराबी अस्पताल पर इजराइल के हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और युद्ध अपराध करार दिया है। ईरान प्रशासन की प्रवक्ता फतेमेह मोहजेरानी ने कहा है कि केरमानशाह में फराबी अस्पताल पर इजराइल का हमला उसकी क्रूरता का स्पष्ट उदाहरण है। इजराइल ने सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग नौ बजे अस्पताल पर मिसाइल से हमला किया था। हमले से अस्पताल को भारी नुकसान हुआ। अस्पताल के कई उपकरण नष्ट हो गए। खिड़कियों के टूटने से कई वार्डों में मरीज़ों को चोटें आईं। इजराइल ने शुक्रवार की रात बिना किसी उकसावे के ईरान पर हमले शुरू कर दिए थे।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना का पूर्व सेना प्रमुखों के साथ विचार मंथन

- भविष्य की चुनौतियों से बेहतर ढंग से निपटने की तैयारी
- पूर्व सेना प्रमुखों ने अनुभव साझा कर कई सिफारिशें कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की।

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में आयोजित सम्मेलन का उद्देश्य पूर्व सेना प्रमुखों के संस्थागत ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। सम्मेलन में जनरल वी पी मलिक, जनरल दीपक कपूर, जनरल जे जे सिंह और जनरल मनोज पांडे सहित अन्य पूर्व सेना प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

जनरल द्विवेदी ने सेना में किे जा रहे सुधारों और भविष्य की योजनाओं में निरंतर भागीदारी में पूर्व सेना प्रमुखों के योगदान का उल्लेख किया। पूर्व सेना प्रमुखों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से 'ब्रीफिंग' दी गई, साथ ही वायु सेना और नौसेना के साथ संचालन में समन्व्य पर भी जानकारी दी गयी। ब्रीफिंग में ऑपरेशन के निष्पादन के बारे में प्रासंगिक समझ और पूर्व प्रमुखों से अंतर्दृष्टि आमंत्रित करने के लिए रणनीतिक प्रभाव और संयुक्त कौशल मॉडल को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। पूर्व प्रमुखों को परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत प्रौद्योगिकियों और आधुनिकीकरण पहलों को शामिल करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सेना के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर भी विचार

सम्मेलन के दौरान प्रौद्योगिकी पहल, विकसित भारत के लक्ष्यों में भारतीय सेना के योगदान और मानव संसाधन नीतियों में सुधार तथा भूतपूर्व सैनिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की पहल पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा पूर्व सेना प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर तथा मौजूदा परिप्रेक्ष्य में अंतर्दृष्टि और सिफारिशें साझा की।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

- भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई

लंदन, एजेंसी

पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।

सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।

# सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत, 116 घायल

## रात के वक्त ड्रोन और मिसाइलों से किया हमला, घरों में सो रहे थे लोग, कई इमारतें ध्वस्त

कीव, एजेंसी

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

### जेलेंस्की ने शक्तिशाली देशों की आलोचना की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को कीव पर सबसे भयानक हमलों में से एक बताया और कहा कि रूसी सुरक्षा बलों ने रातभर में यूक्रेन पर 440 से ज्यादा ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन ऐसा सिर्फ इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि वह युद्ध जारी रखने का जोखिम उठा सकते हैं। वह चाहते हैं कि युद्ध जारी रहे। यह बहुत परेशान करने वाली बात है कि दुनिया के ताकतवर लोग इस ओर से आंखें मूंद लेते हैं। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि हमले में छर्रा लगने से घायल हुए एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है।

# विमान हादसा: बालकनी से कूदते नजर आए लोग

- पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो
- लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है।

भारत के सबसे पुराने मेडिकल कॉलेजों में एक बीजेएमसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई का केन्द्र रहा है। दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे। लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद एअर इंडिया का विमान बोइंग 737-8 ड्रीमलाइनर मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

# चीन में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट नौ लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के मध्य में स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए।

चीन की सरकारी मीडिया द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए एक वीडियो में सोमवार सुबह हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुएं का एक बड़ा गुबार उठता देखा जा सकता है। 'शांझोउ फायरवर्क्स कंपनी' की फैक्टरी हुनान प्रांत के चांगदे शहर के उत्तर में लिनली काउंटी के एक पहाड़ी हिस्से में है।

सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने मंगलवार दोपहर के आसपास एक ऑनलाइन खबर में कहा कि आगे और विस्फोट होने के खतरे और किसी बड़े जल स्रोत के अभाव ने अग्निशमन और पीड़ितों की तलाश के काम को जटिल बना दिया।

**अध्ययन** सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।